✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 01 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 28 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अन्तर्गत 'बिरसा लिब्स इन न्यू भारत थीम के तहत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति के लाभुकों के साथ संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम सम्राट चौधरी ने दी ईद-उल-अजहा की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार असीम आस्था का त्योहार है। मुख्यमंत्री ने इस त्योहार को आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने से आनंद और बढ़ जाता है।

### 31 मई तक शिक्षकों की छुट्टी पर रोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में ग्रीष्मावकाश से पहले शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। विभाग ने 31 मई तक शिक्षकों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। साफ निर्देश दिया गया है कि सभी शिक्षक अंतिम कार्य दिवस तक स्कूल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि हाल के दिनों में बड़ी संख्या में शिक्षक छुट्टी के लिए आवेदन दे रहे थे जिससे पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका थी। इसी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

### सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

**मधुबनी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राजनगर-मधुबनी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित हुआ। मृतकों की पहचान बलहा गांव निवासी 35 वर्षीय राजू दास और किशोरी दास (27) के रूप में हुई है। दोनों भाई मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

### ठनका गिरने से दो किसानों की मौत

**खगड़िया (नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र की रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के मथार दियारा गांव में देर रात ठनका गिरने से दो बुजुर्ग किसानों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान वार्ड संख्या-7 निवासी स्वर्गीय जामुन यादव के बेटे गोरख यादव और कापो यादव के रूप में हुई है। दोनों किसान गंगा किनारे अपने परवल के खेत की रखवाली के लिए गए थे।

### तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कुंबा गांव स्थित तालाब में डूबने से दो बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई है। यह घटना नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कुंबा गांव की है।

# समाज के कमजोर वर्गों के शैक्षणिक व आर्थिक विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना में आयोजित जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों के शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बिरसा लिब्स इन न्यू भारत' थीम के तहत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष किया था। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत करीब एक लाख चार हजार अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है। इनमें चार हजार 155 अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।



वहीं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत इस वर्ष 20 लाख 46 हजार विद्यार्थियों को लाभ मिला जिनमें एक लाख 41 हजार अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में वन क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में वन क्षेत्र का दायरा अब 15 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और इसे 17 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनजातीय क्षेत्रों में मैराथन प्रतियोगिता आयोजित कराने की घोषणा भी की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 75 हजार और तीसरे स्थान पर आने वाले को 50 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने वाल्मीकिनगर और कैमूर में हेलीपोर्ट बनाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटकों की आवाजाही आसान होगी। उन्होंने आदिवासी इलाकों में होम स्टे योजना को बढ़ावा देने की भी बात कही ताकि पर्यटक जनजातीय संस्कृति को करीब से समझ सकें और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पश्चिम चंपारण में थरूहट विकास योजना के तहत 180 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। वहीं कैमूर के अधौरा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने भी संबोधित किया।

# बिहार में जमीन दान करने वालों के नाम पर बनेंगे डिग्री कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बनने वाले विक्रमशिला यूनिवर्सिटी के लिए जल्द ही राज्य सरकार जमीन केंद्र को उपलब्ध कराएगी। एक जुलाई से डिग्री कॉलेज रहित 211 प्रखंडों में डिग्री की पढ़ाई शुरू होगी। यह बात सीएम सम्राट चौधरी ने उच्च शिक्षा विभाग की बैठक के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा, देश में चल रहे ओपेन यूनिवर्सिटी का स्टडी करें ताकि बिहार में और अधिक ओपेन यूनिवर्सिटी स्थापित कर विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में कॉलेज स्थापित करने के लिए जमीन दान देने वाले व्यक्ति या उनकी ओर से अनुशंसित व्यक्ति के नाम पर उस कॉलेज के किसी हिस्से का नामकरण किया जाएगा। सीएम ने यह भी आदेश दिया कि बिहार में स्थापित कॉलोजों को संबद्ध करने के लिए देश के टॉप 10 यूनिवर्सिटी से एमओयू साइन करें। सभी डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में स्थापित होने वाले कॉलेज ऐसी जगह पर हो जहां विद्यार्थियों को कठिनाई न हो। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने मुख्यमंत्री को विभागीय गतिविधियों, संचालित योजनाओं, नई कार्य योजनाओं समेत अन्य कामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव ने उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत स्टेट यूनिवर्सिटी, प्राइवेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी में प्रशासनिक पदों की स्थिति और अन्य डिटेल, केंद्र सरकार प्रायोजित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान की जानकारी दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री को बिहार के विभिन्न जिलों के कॉलेजों की स्थिति, डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना, कॉलेज का स्थायी परिसर, दानदाता के नामकरण संबंधी प्रावधान, पदों का सृजन, शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों के पद सृजन समेत अन्य जानकारियां दी गई।

## सिपाही भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय चयन पर्षद ने बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 19,838 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिनमें 17 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी भी शामिल हैं। अभ्यर्थी अपना रिजल्ट सीएसबीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। भर्ती के लिए कुल 17,06,628 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 13,30,121 उम्मीदवार लिखित परीक्षा में शामिल हुए थे। लिखित परीक्षा के आधार पर 99,690 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। पर्षद के अनुसार पीइटी में कुल 79,932 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें 50,477 पुरुष, 29,426 महिला, 29 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल थे। शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार की गई। अंतिम लिस्ट में कुल 19 हजार 838 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इनमें बिहार पुलिस के लिए 16 हजार 852 और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के लिए 2,986 अभ्यर्थियों को चुना गया है। चयनित अभ्यर्थियों में 12 हजार 509 पुरुष, 7 हजार 312 महिलाएं और 17 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अलावा 332 प्रशिक्षित गृह क्षक और 190 स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को भी चयन सूची में जगह दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 20 जून से 19 जुलाई के बीच योगदान देना होगा।

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास योजनाओं का लाभ : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता व गति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। झारखंड मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण आवास योजनाओं की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे



परिवारों को चिन्हित किया जाए जो अब भी आवासविहीन हैं या जर्जर मकानों में जीवन गुजार रहे हैं ताकि उन्हें जल्द योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए जेएसएलपीएस को सखी मंडलों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल खेती तक सीमित नहीं रखा जाए बल्कि सोलर पावर उत्पादन, मधुमक्खी पालन और अन्य रोजगारपरक गतिविधियों से भी जोड़ा जाए। इसके लिए प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में पांच हजार नए सखी मंडल गठित करने की प्रक्रिया चल रही है जिससे लगभग 60 हजार परिवारों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के समूहों को मजबूत करने के लिए बैंकों से पांच हजार करोड़ रुपये तक ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है।

# बिहार रैयती भूमि क्रय नीति को सम्राट कैबिनेट की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कैबिनेट की बुधवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। इस बैठक में जमीन मुआवजा, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क निर्माण, सिंचाई और सरकारी कर्मचारियों से जुड़े निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने नई बिहार रैयती भूमि क्रय नीति 2026 को मंजूरी दी है। अब सरकारी परियोजनाओं के लिए जमीन देने वाले लोगों को पहले से ज्यादा मुआवजा मिलेगा। शहर में जमीन देने वालों को बाजार कीमत का दोगुना पैसा मिलेगा जबकि गांव में जमीन देने पर बाजार भाव का चार गुना तक मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। सरकार ने यह भी तय किया है कि जमीन बेचने पर स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार ने विधायक, पूर्व विधायक, आइएएस-आइपीएस अधिकारी, सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है। अब अस्पताल में भर्ती होने पर लोगों को तुरंत जेब से पैसा नहीं देना पड़ेगा। पटना के पीएमसीएच में अलग स्पाइन सेंटर बनाया जाएगा। यहां रीढ़ की हड्डी से जुड़ी गंभीर बीमारियों और सड़क हादसों में घायल मरीजों का आधुनिक इलाज होगा। एंडोस्कोपिक सर्जरी और स्पाइन टीबी जैसी जटिल सर्जरी भी यहां हो सकेगी। इसके लिए 39 नए पद मंजूर किए गए हैं। छोटे अस्पतालों और क्लीनिकों के लिए भी नई नियमावली लाई जा रही है। एक से 40 बेड वाले अस्पताल, पैथोलॉजी, डेंटल क्लीनिक और निजी ओपीडी इसके दायरे में आएंगे। इनके रजिस्ट्रेशन और निगरानी के लिए जिला और राज्य स्तर पर अलग व्यवस्था बनाई जाएगी।






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : संजय सरावगी

## 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, देश के करोड़ों नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा बिहार प्रदेश कार्यालय, पटना में आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम की व्यापक सफलता एवं संगठनात्मक तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए और लोगों को संबोधित किया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रभारी राजेन्द्र सिंह भी उपस्थित होकर प्रदेशभर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में जिला पदाधिकारीगण, 'मन की बात' जिला प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण एवं संगठन के विभिन्न दायित्वधारी कार्यकर्ता वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर बूथ स्तर तक की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरित करने, सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस कार्यक्रम को गांव-गांव, टोला-मोहल्ला एवं बूथ स्तर तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों से जुड़ सकें। उन्होंने सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सामूहिक रूप से 'मन की बात' सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए समाज से जुड़ने और सकारात्मक संवाद स्थापित करने का उत्कृष्ट अवसर है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समन्वय एवं अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा एवं समर्पण के साथ आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बियाडा एवं आएडा की समीक्षात्मक बैठक

## औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन की विस्तृत समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उद्योग विभाग के सचिव-सह-प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बियाडा एवं आएडा अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं, उनकी वर्तमान प्रगति तथा भावी कार्ययोजनाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई गई। समीक्षात्मक बैठक में बियाडा एवं आएडा की कार्यप्रणाली, प्राधिकरणों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास, निवेश प्रोत्साहन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने, निवेशकों के लिए सुदृढ़ एवं उद्योग-अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग सचिव के कुशल नेतृत्व में बियाडा एवं आएडा द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की एवं कहा कि राज्य सरकार बिहार में उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा निवेशकों को बेहतर सुविधाएं एवं अनुकूल औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। बैठक में निदेशक एमएसएमई अमन समीर, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित विभाग एवं प्राधिकार के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिलांग में बिहारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल से मिले विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिलांग।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपनी शिलांग यात्रा के दौरान मेघालय के बिहारी कल्याण संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बिहारी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बिहारी कल्याण संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने संघ की ओर से एक ज्ञापन सौंपते हुए पूर्वोत्तर में रह रहे बिहारियों की सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखे। बैठक में सबसे प्रमुख मांग गुवाहाटी और पटना के बीच दैनिक सीधी हवाई सेवा शुरू करने की उठाई गई, ताकि पूर्वोत्तर राज्यों में रह रहे बिहार के लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा मिल सके। इसके अलावा शिलांग में 'बिहार भवन' की स्थापना का प्रस्ताव भी रखा गया जिससे बिहार से आने वाले छात्रों, मरीजों और अन्य आगंतुकों को ठहरने और आवश्यक सहायता की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने मेघालय के प्रतिष्ठित अस्पतालों को बिहार सरकार के चिकित्सा पैनल में शामिल करने की मांग भी उठाई, ताकि बिहार सरकार के कर्मचारियों और नागरिकों को कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा मिल सके। बैठक में मेघालय में रह रहे बिहारी उद्यमियों की ओर से बिहार में निवेश को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। डॉ प्रेम कुमार ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए मुद्दों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि इन विषयों को संबंधित अधिकारियों और विभागों के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि प्रवासी बिहारियों को आवश्यक सुविधाएं और लाभ मिल सकें। बैठक के अंत में बिहारी कल्याण संघ की ओर से विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# अपराध पर जाति की राजनीति करने वाले तेजस्वी को 'जंगलराज' का आइना देखना चाहिए : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा बिहार में अपराधियों के विरुद्ध हो रही कार्रवाई को 'जाति देखकर कार्रवाई' बताना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और तथ्यहीन है। यह बयान राजद की उस मानसिकता को दर्शाता है जिसने 15 साल तक बिहार को 'जंगलराज' में धकेले रखा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है। गोली अपराधी चलाता है, पुलिस जवाब देती है। पुलिस की गोली जाति-धर्म पूछकर नहीं चलती। रंगदारी, हत्या, लूट करने वाला किसी भी जाति का हो, कानून का डंडा सब पर बराबर चल रहा है। तेजस्वी जी अफवाह न फैलाएं। श्री पांडेय ने कहा कि जिस पार्टी के शासन में (राजद) अपहरण उद्योग बन गया था, व्यापारी पलायन कर गए थे। थानों से प्राथमिकी तक नहीं लिखी जाती थी, वो आज पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। 2005 से पहले 'जाति' देखकर पीड़ित तय होते थे। मदद नहीं मिलती थी। आज 'डायल-112' 15 मिनट में पहुंच रही है, वो भी बिना जाति पूछे। बिहार सरकार ने साफ किया है कि न किसी को फंसाया जाएगा, न किसी अपराधी को बख्शा जाएगा। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए 'व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ', महिलाओं के लिए 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' और हर जिले में एसटीएफ का गठन हुआ है। श्री पांडेय ने कहा कि तेजस्वी यादव, जाति की राजनीति छोड़िए।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विपक्ष की बोलती बंद : राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच जनता दल यूनाइटेड ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया पर स्थिति स्पष्ट कर दी है और अदालत ने इस प्रक्रिया को सही माना है। राजीव रंजन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब विपक्ष को एसआईआर पर सवाल उठाना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार भ्रम फैलाने और अनावश्यक विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अदालत के फैसले से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष की बोलती बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय ने यह साबित कर दिया है कि एसआईआर की प्रक्रिया संवैधानिक और वैध है। उन्होंने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे लोकतांत्रिक संस्थाओं और न्यायपालिका के फैसलों का सम्मान करें तथा जनता के बीच भ्रम फैलाने से बचें।

# छात्रों के भविष्य से समझौता नहीं-प्रशिक्षण कार्य जारी रखेगी कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने विद्यार्थियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। संस्थान प्रबंधन ने घोषणा की है कि संस्थान फिलहाल कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सी. एम.सी.ए डॉट लाइव के तहत संचालित प्रशिक्षण सेवाओं को अगले निर्देश आने तक लगातार जारी रखा जाएगा, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई एवं करियर प्रभावित न हो। यह जानकारी संस्थान के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के बावजूद संस्था छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण आज युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन चुका है। ऐसे में प्रशिक्षण कार्य बाधित होना हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि संस्था सभी विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं पूर्व की भांति संचालित करती रहेगी तथा उन्हें कंप्यूटर एवं व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण लगातार दिया जाता रहेगा। साथ ही उन्होंने बिहार सरकार एवं संबंधित विभाग से आग्रह किया कि छात्रहित में अविलंब सकारात्मक निर्णय लेते हुए प्रशिक्षण कार्य को सुचारु रूप से संचालित रखने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य प्रभावित न हो। संस्थान प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है और किसी भी परिस्थिति में छात्रों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा।

# पटना में 17 जून से बजेगा बिहार आईपीएल का बिगुल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित होटल मैत्रेया इंटरनेशनल में सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च के बैनर तले आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार में पहली बार अंडर-13 और अंडर-17 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 'बिहार इंस्टीट्यूट प्रीमियर लीग' (बीआईपीएल) आयोजित करने की घोषणा की गई। प्रतियोगिता का आयोजन 17 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 30 मई से 2 जून 2026 तक एसडीवी पब्लिक स्कूल, परसा बाजार कुरथौल के खेल मैदान स्थित सरदार पटेल क्रिकेट अकादमी, पटना में चरणबद्ध तरीके से आयोजित होगा। चयन समिति के चेयरमैन पूर्व रणजी क्रिकेटर मनोज कुमार यादव की अगुवाई में चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। खिलाड़ियों को सफेद पोशाक में बिहार के खिलाड़ी होने से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 7 बजे चयन स्थल पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए 7488511660 पर संपर्क करने की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हाल के दिनों में अनिल अग्रवाल द्वारा बिहार की अपनी आईपीएल टीम की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किया गया था। वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से सकारात्मक सहयोग के आश्वासन ने संस्था को इस दिशा में पहल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च (स्पेक्ट्स) भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय से निबंधित संस्था है तथा बिहार सरकार सोसाइटी एक्ट से संबंधित पूर्ववर्ती छात्र-युवा समागम की अंगीभूत इकाई है। कृष्णा पटेल ने कहा कि आईपीएल की तर्ज पर बीआईपीएल का नामकरण इसलिए किया गया है ताकि नवोदित खिलाड़ियों में आईपीएल जैसा उत्साह और अनुभव विकसित हो सके। उन्होंने बिहार के विभिन्न संस्थानों के निदेशकों से अपील की कि वे अपने संस्थान के नाम से टीम बनाकर इस आयोजन और बिहार के भविष्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को सहयोग दें। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। आयोजन समिति में अध्यक्ष कृष्णा पटेल, उपाध्यक्ष अनंत कुमार, संयोजक सह उपाध्यक्ष सौरव कुमार, सचिव डॉ. रोहित कुमार, संयुक्त सचिव अभिषेक पटेल, कोषाध्यक्ष आनंद प्रकाश तथा सदस्य सुजीत कुमार, प्रकाश ओझा, आरुष, रवि राज, अभिषेक कुमार और नवीन कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा मैनेजिंग डायरेक्टर धर्मवीर पटवर्धन, एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव उर्फ सतीश राजू, लीगल कमेटी के अध्यक्ष पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं अधिवक्ता प्रतीक कुमार तथा चयन समिति के संयोजक पूर्व क्रिकेटर सौरभ चक्रवर्ती बनाए गए हैं। अमित बाबा को संयोजक समिति का सहायक सदस्य नियुक्त किया गया है। त्रिसदस्यीय चयन समिति में पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं पूर्व बीसीए चयनकर्ता मनोज कुमार यादव को चेयरमैन, पूर्व रणजी क्रिकेटर हिमांशु हरि को उपाध्यक्ष तथा पूर्व क्रिकेटर विकास राज को सदस्य बनाया गया है।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने किए दो नए प्लान लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने दो नए प्लान-एलआईसी की नई जीवन साथी एकल प्रीमियम तथा एलआईसी की नई जीवन साथी सीमित प्रीमियम का शुभारंभ किया। ये दोनों असहभागी, असंबद्ध, व्यक्तिगत, बचत प्लान हैं। ये संयुक्त जीवन प्लान हैं जो बचत और बीमा सुरक्षा का संतुलित संयोजन प्रदान करती है। दोनों संयुक्त जीवन बीमा प्लान है जिनमें एक विवाहित व्यक्ति तथा उसके जीवनसाथी को एक ही पॉलिसी के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। न्यूनतम मूल बीमित राशि 3,00,000 है जबकि इसकी कोई ऊपरी सीमा निर्धारित नहीं है, अधिकतम मूल बीमित राशि का निर्धारण बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिमांकन नीति के अनुसार किया जाएगा। प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। अधिकतम प्रवेश आयु पॉलिसीधारक द्वारा दोनों प्लानों के अंतर्गत उपलब्ध विकल्पों में से चुने गए विकल्प के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती है। जोखिम कवरेज के लिए दो मृत्यु हितलाभ विकल्पों में से चयन करने की सुविधा उपलब्ध है। तरलता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु ऋण सुविधा उपलब्ध है। अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करके वैकल्पिक राइडरों का चयन कर बीमा सुरक्षा को बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान पॉलिसीधारकों तथा मृत पॉलिसीधारकों के नामांकितों/लाभार्थियों को प्रीमियम में छूट उपलब्ध है।

# डिजिटल प्लेटफार्मों पर नकली एवं अपंजीकृत कीटनाशकों की बिक्री पर कृषि विभाग सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव के निर्देशानुसार राज्य के किसानों, उपभोक्ताओं एवं पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनज़र नकली, संदिग्ध एवं अपंजीकृत कीटनाशकों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग के संज्ञान में लगातार यह तथ्य आ रहा है कि विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफार्म, सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनलों एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए अपंजीकृत कीटनाशकों, फफूंदनाशकों, खरपतवारनाशकों एवं चूहानाशकों का अवैध रूप से प्रचार एवं विक्रय किया जा रहा है जो अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक विषय है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि देश एवं राज्य में केवल उन्हीं कीटनाशियों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री की अनुमति है जो कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत विधिवत पंजीकृत है। अपंजीकृत अथवा नकली कीटनाशकों का उपयोग किसानों की फसल, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके अतिरिक्त किसानों को आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में कृषि निदेशालय द्वारा सभी ई-कॉमर्स कंपनियों, डिजिटल विपणन प्लेटफार्मों, सोशल मीडिया संचालकों एवं यूट्यूब चैनलों को निर्देशित किया गया है कि वे केवल पंजीकृत एवं वैध कीटनाशकों के प्रचार एवं बिक्री की अनुमति सुनिश्चित करें।

# सामाजिक न्याय व दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक थे पंडित नेहरू : राजेश राम

## 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पंडित नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू का जीवन ही वैश्विक आदर्श है। सामाजिक न्याय व वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक के रूप में पंडित नेहरू को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की जिस मजबूत नींव को स्थापित किया और एक समावेशी, सौहार्दपूर्ण व प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया वो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा देश को उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त करता है।

# वैश्य आयोग के गठन व व्यवसायियों को हथियार लाइसेंस देने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वैश्य समाज के आर्थिक एवं सामाजिक आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से वैश्य आयोग के गठन तथा व्यवसायियों को आत्मरक्षा के लिए प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस देने की मांग उठाई गई। यह मांग वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह सुढ़ी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक विजय कुमार अकेला ने पटना स्थित बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रमुखता से रखी। कार्यक्रम का आयोजन वैश्य चेतना समिति एवं वैश्य चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बिहार सरकार में शामिल वैश्य समाज के मंत्रियों के सम्मान में किया गया था। अपने संबोधन में विजय कुमार अकेला ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनुसूचित जाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग तथा स्वर्ण आयोग का गठन किया गया है, ऐसे में वैश्य समाज के लिए भी अलग से वैश्य आयोग का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज आर्थिक रूप से राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए समाज के हितों की सुरक्षा और विकास के लिए आयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यवसायी वर्ग अक्सर अपराधियों के निशाने पर रहता है।

# दानापुर स्टेशन पर, मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 1015 यात्री पकड़े गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में अभिनव सिद्धार्थ (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर) के निर्देश पर अभिषेक कुमार तिवारी (मंडल वाणिज्य प्रबंधक) के नेतृत्व में एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, हरिकांत प्रसाद सिंह की उपस्थिति में मंडल के दानापुर स्टेशन पर किलेबंदी (फोर्ट्रेस चेकिंग अभियान) करके वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 12792 (सिकंदराबाद एक्सप्रेस), 12395 (जियारत एक्सप्रेस), 13250 (भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस), 20801 (मगध एक्सप्रेस), 15126 (जनशताब्दी एक्सप्रेस), 13038 (कुंभ एक्सप्रेस), 13240 (कोटा पटना एक्सप्रेस), 12393 (संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस), 20934 (दानापुर-उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस), 12296 (संघमित्रा एक्सप्रेस) तथा दानापुर से झाझा की ओर एवं बक्सर की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का दानापुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 1015 अनियमित/बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में लगभग 5.07 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर स्टेशन के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं।

# प्रयागराज-डीडीयू-पटना-झाझा-आसनसोल के रास्ते नई दिल्ली और हावड़ा के मध्य दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर नई दिल्ली और हावड़ा 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 04048/04047 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल - गाड़ी सं. 04048 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल नई दिल्ली से 28.05.2026 को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे डीडीयू, 11.40 बजे बक्सर, 12.25 बजे आरा, 13.25 बजे पटना, 14.13 बजे बख्तियारपुर, 15.43 बजे किउल एवं 16.55 बजे झाझा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 04050/04049 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल - गाड़ी सं. 04050 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल नई दिल्ली से 30.05.2026 को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे डीडीयू, 11.40 बजे बक्सर, 12.25 बजे आरा, 13.25 बजे पटना, 14.13 बजे बख्तियारपुर, 15.43 बजे किउल एवं 16.55 बजे झाझा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.40 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं बकरीद, असामाजिक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शाहाबाद प्रक्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि रोहतास, भोजपुर, बक्सर एवं कैमूर जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी ने बताया कि चारों जिलों के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर दोनों समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतास जिले में 1000, बक्सर में 1200, भोजपुर में 900 तथा कैमूर जिले में 900 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा चारों जिलों में बीएमपी/बिसैप की एक-एक कंपनी भी तैनात की गई है।

डीआईजी ने कहा कि पूर्व के त्योहारों में चिन्हित असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध धारा 107, 110 एवं सीसीए के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। सभी एसपी, एसडीपीओ एवं अंचल निरीक्षकों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख मंदिरों एवं मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जहां पहले से कैमरे लगे हुए हैं वहां कम से कम 90 दिनों का बैकअप सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। डीआईजी ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर स्थिति पर नियंत्रण करने का निर्देश सभी एसपी को दिया गया है। इसके लिए डीआईजी कार्यालय में विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है तथा चारों जिलों के एसपी को हर दो घंटे पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान को लेकर रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार लगातार गंभीर नजर आ रहे हैं। पुलिस कार्यालय में बुधवार को आयोजित जन-सुनवाई कार्यक्रम के दौरान एसपी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन-सुनवाई के दौरान बड्डी थाना कांड संख्या 103/26 के संबंध में साहेब राम ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसपी रौशन कुमार ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करें तथा प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी प्रतिदिन आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उनके समाधान का प्रयास करते हैं। सोमवार को भी करीब तीन दर्जन से अधिक मामलों की सुनवाई की गई थी जिनमें अधिकांश मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे।

# मां की सेवा की तरह करें पेड़ों की देखभाल : मंडल रेल प्रबंधक

## स्टेशनों, पार्कों एवं रेलवे कॉलोनियों में हरियाली बढ़ाने पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस के क्रम में मिशन-लाइफ अभियान के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत विशेष पौधारोपण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से रेलवे परिसरों, पार्कों, स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों में हरियाली बढ़ाने, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहित करने तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर के उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पौधारोपण कर हरित परिसर विकसित करने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि 'जैसे हम अपनी मां की सेवा करते हैं, वैसे ही हमें एक पेड़ लगाकर उसकी सेवा करनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण की सुरक्षा सामूहिक सहभागिता एवं दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलावों से संभव है। उन्होंने रेलकर्मियों एवं उनके परिवारों से रेलवे कॉलोनियों, घरों एवं आसपास उपलब्ध स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण एवं नियमित देखभाल सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। इस दौरान पार्कों एवं हरित क्षेत्रों के रखरखाव, स्वच्छता तथा पौधों की देखभाल पर विशेष बल दिया गया। साथ ही दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त डीडीयू जंक्शन, सासाराम, गया जंक्शन, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड सहित मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी रेलकर्मियों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के माध्यम से रेलकर्मियों, उनके परिवारों एवं स्थानीय लोगों को हरियाली बढ़ाने, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# ट्रक-टेम्पो की टक्कर में दर्जनों श्रद्धालु घायल, दो की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया-पटना मुख्य मार्ग आईमा सूर्य मंदिर के पास राजगीर से मलमास मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं के ऑटो में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे हादसे में 10-12 लोग घायल हो गए। घायलों में गीता देवी, रेखा देवी, बल्लू देवी, सुनैना देवी इत्यादि सभी चाकंद थाना के बहादुर बीघा गांव के निवासी बताए जाते हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिजरसराय पहुंचाया जिसमें गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल बिंदी देवी, ममता देवी समेत अन्य को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल रेफर किया गया है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गयी हैं जबकि डॉक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि अन्य घायलों का इलाज खिजरसराय सीएचसी में चल रहा है।

# सड़क हादसों पर रोहतास पुलिस सख्त, एक जून से चलेगा व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और हादसों में हो रही मौतों को लेकर रोहतास पुलिस अब पूरी तरह गंभीर हो गई है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों से पूरे जिले में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए रोहतास पुलिस ने एक जून से व्यापक एवं सुनियोजित सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज राज्य के सबसे शिक्षित जिले के रूप में पहचान रखने वाले रोहतास में यदि किसी एक समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है तो वह सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतें हैं। उन्होंने कहा कि हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि ऐसा प्रतीत होता है मानो सड़कों पर मौत तांडव कर रही हो। एसपी ने कहा कि इस समस्या से समाज का कोई वर्ग अछूता नहीं है। सड़क हादसों में आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिसकर्मी और पत्रकार भी अपनी जान गंवा रहे हैं या गंभीर रूप से घायल होकर अपाहिज हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के उदाहरण इतने अधिक हैं कि लोगों की संवेदनाएं तक शून्य होती जा रही है।

उन्होंने बताया कि अब तक पुलिस, प्रशासन और मीडिया द्वारा अलग-अलग स्तर पर जागरूकता अभियान और जांच अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके हैं। ऐसे में अब समाज के सभी स्तंभों-विशेषकर पुलिस और मीडिया को संगठित एवं निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। हाल के दिनों में सड़क हादसों में हुई लगातार वृद्धि को देखते हुए रोहतास पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक रूप से चलाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में एक जून से जिले भर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, वाहन जांच, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित करने जैसे कदम उठाए जाएंगे। रोहतास पुलिस ने आम लोगों से भी यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा सड़क पर सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# रोहतास जिले के एथलीट पीयूष राज हांगकांग के लिए रवाना, भारतीय टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** जिले का एथलीट पीयूष राज श्रीवास्तव भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने हांगकांग निकल पड़ा है। पीयूष हांगकांग में 28 से 31 मई तक आयोजित एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए आज भारतीय दल के साथ बेंगलुरु से रवाना हुआ। इस बात की विस्तृत जानकारी देते हुए रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव और उनके पूर्व प्रशिक्षक विनय कृष्ण ने बताया कि पीयूष पिछले एक महीने से बेंगलुरु में रहकर भारतीय टीम के साथ अभ्यास कर रहा था। पीयूष के इस उपलब्धि पर आज रोहतास जिला ही नहीं पूरा बिहार एवं भारत गर्व कर रहा है विनय कृष्ण ने बताया कि पीयूष पिछले 3 वर्षों से बिहार सरकार के सहयोग से तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संकरण के व्यक्तिगत प्रयास से बिहार सरकार के अपने खर्चे पर उसे हैदराबाद में रखकर प्रशिक्षण एवं अन्य खर्चों का वहन कर रही थी जिसके परिणाम स्वरूप आज पीयूष भारतीय दल का हिस्सा बन पाया है। पियूष से बातचीत के क्रम में बताया कि मैं बिहार सरकार और उसके खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संकरण का बहुत-बहुत आभारी हूं साथ में रोहतास जिला एथलेटिक संघ का भी उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सभी के सहयोग से आज में इस मुकाम पर पहुंचा हूं साथ ही अपने माता और स्वर्गीय पिता के आशीर्वाद को भी बड़ा योगदान मानते हुए इस मुकाम तक पहुंचने की बात कही।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वय का अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास की पूर्व निर्धारित बैठक निर्मल धाम तेतरी सासाराम में अपराह्न 3:00 बजे से जिले के प्रख्यात अधिवक्ता नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी सहित विभिन्न प्रखंडों से आए हुए प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महासचिव संतोष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जिले के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ आरा के चंदवा निवासी अंजनी तिवारी एवं ललित विजय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

# अधिवक्ता राम कुमार पाण्डेय के निधन पर बार एसोसिएशन ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बार एसोसिएशन के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राम कुमार पाण्डेय की सड़क दुर्घटना में निधन तथा संघ की सदस्या अधिवक्ता रुपा रानी श्रीवास्तव के निधन पर बुधवार को बार एसोसिएशन डिहरी के सेन्ट्रल हॉल में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में दोनों दिवंगत अधिवक्ताओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनके निधन को संघ एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार अधिवक्ता राम कुमार पाण्डेय की मृत्यु 26 मई 2026 को दिन में लगभग 1 बजे सड़क दुर्घटना में हो गई थी। वहीं संघ की सदस्या रुपा रानी श्रीवास्तव के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा का नेतृत्व संघ के उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिन्हा ने किया। सभा के पश्चात अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरक्त रहे। शोक सभा में महासचिव रितेश कुमार, अमरनाथ सिंह, बैरिस्टर सिंह, भागीरथी सिंह, रवि शेखर, रवि कुमार, विमल कुमार, वृजनन्दन सिंह, फिरोज, मिथिलेश कुमार, रामनाथ राम, रामाकांत दुबे, प्रभात कुमार, कपिलमुनि सिंह, मुकेश पाण्डेय, विश्वनाथ सिंह, आदित्य उपाध्याय, कमल सिन्हा, अजय सिंह, बिक्रम कुमार, महेश सिंह, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, काशीनाथ गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, बिनोद कुमार पाल, कृष्णा सिंह, सुरेश सिंह, सुरेन्द्र राय, सुनिल सिंह, राहुल सिंह, अर्जुन सिंह, गोपाल राम, सोमेश्वर सिंह, अरविंद पाण्डेय, धनंजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी शराब के साथ हॉटल संचालक गिरफ्तार

**बेलागंज।** पुलिस ने शराबबंदी कानून को लेकर थाना क्षेत्र के कई होटल, ढाबा और लॉज में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान नेशनल हाईवे-22 स्थित रामपुर मोड़ के पास संचालित रॉयल लाइन होटल में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-14-26, दिनांक 20.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-14-26 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन विश्वसनीयता में सुधार के लिए डीटीएई/टीएसएस और केडब्ल्यूएई/टीएसएस में जीर्ण-शीर्ण पीएसआई इक्विपमेंट सीबी, बीएम एवं अर्थिंग के प्रतिस्थापन के संबंध में 25 केवी पीएसआई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 6,55,98,500.52, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी हैः** रु. 13,12,000/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** दिनांक 22.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-100/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पुनीत अग्रवाल बने (रा) व्यावसायिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** लोजपा रामविलास व्यवसायी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी पुनीत अग्रवाल को लोजपा (रामविलास) व्यवसायी प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है और उम्मीद जताई है कि पुनीत अग्रवाल पूरे देश में व्यवसायियों को साथ लेकर प्रकोष्ठ को मजबूत बनाने और उनकी समस्याओं को उठाने का काम करेंगे। पुनीत अग्रवाल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूत होगी। वहीं पुनीत अग्रवाल ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा है कि जो पद उन्हें दिया गया है उसे वे पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करेंगे। लोजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के साथ-साथ पार्टी को पूरे देश में मजबूत बनाने का काम करेंगे। वे व्यवसायियों की समस्याओं को उठाने और उसका हल कराने की पूरी कोशिश करेंगे। उनके व्यवसायी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर देश भर के व्यवसायों ने साधुवाद दिया है और हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में रोहतास बार एशोशियेशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता अजय कुमार सिंहा, संजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार, कमलेश कुमार सिन्हा, बबल कश्यप, शुभम कुमार, अनुप सिंह, सोनु कुमार, अशोक कुमार गुप्ता सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# शराब के साथ महिला गिरफ्तार, वारंटी गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कावर गांव से पुलिस ने शराब कारोबार के आरोप में रानी कुमारी, पति राहुल चौधरी को 31 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर वादी मिथलेश सिंह के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अंगरा गांव के बधार स्थित खेत से धान का बोझा ढो लेने के मामले में दौरमा गांव निवासी सकिंदर राम उर्फ सत्येंद्र राम, पिता ब्रह्मदेव राम को गिरफ्तार किया।

# डिहरी में बीइओ डॉ. संजय कुमार सिंह हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बालवाटिका विद्यालय परिसर में मंगलवार को प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन, शाखा डिहरी के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह शामिल हुए। इस दौरान बालवाटिका विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार शर्मा एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें पगड़ी, अंगवस्त्र एवं प्रतीकात्मक शाही तलवार भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान और विद्यालयों के प्रति सकारात्मक कार्यशैली की सराहना की। कार्यक्रम में निजी विद्यालयों की समस्याओं, शिक्षा की गुणवत्ता एवं छात्रों के बेहतर भविष्य को लेकर चर्चा की गई। मौके पर जगनारायण पांडे, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. रितेश कुमार, अविनय कुमार, दीप नारायण पांडे, जयशंकर प्रसाद, केदार नाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद एवं विद्यालय संचालक उपस्थित रहे।

# बकरीद को लेकर कोंच व आंती थानों में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** बकरीद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को कोंच एवं आंती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कोंच थाना में बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने जबकि आंती थाना में प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने की। बैठक में पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा अफवाहों से बचने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने भी अपने सुझाव साझा किए और प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राजद नेता मो. आकिब आलम, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, सरपंच चंचल यादव, मो. सरफराज, मो. हसनैन, मो. मंटू, शशि कुमार, रमेश कुमार समेत विभिन्न समुदायों के लोग मौजूद रहे। थानाध्यक्षों ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।

# बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बहुजन समाज पार्टी की अतरी विधानसभा स्तरीय बैठक मंगलवार को खिजरसराय स्थित कुणाल मैरेज हॉल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी रणनीति और पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता अतरी विधानसभा प्रभारी डॉ. उपेन्द्र कुमार दास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बामसेफ गया के संयोजक नन्द किशोर प्रसाद एवं बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनन्त कुमार मौजूद रहे। वहीं जिला सचिव सुरेन्द्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष ब्रजेश कुमार (अनिकेत राज) और प्रखंड अध्यक्ष परशुराम कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# चाकंद में बकरीद को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाकंद (गया)।** बकरीद (ईद-उल-अजहा) को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। चाकंद थाना प्रभारी शिवम कुमार, मणिकांत पासवान और ऋषि कुमार के संयुक्त नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा जवानों ने चाकंद बाजार, हसनपुर और चाकंद गढ़ सहित विभिन्न मुख्य बाजारों, संवेदनशील इलाकों और चौक-चौराहों पर मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी शिवम कुमार ने बताया कि इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच सुरक्षा का विश्वास जगाना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। अधिकारी मणिकांत पासवान और ऋषि कुमार ने स्थानीय नागरिकों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस की विशेष टीम सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों पर पैनी नजर रख रही है। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह दिखने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः टॉयलेटअप_26-27, दिनांक 21.05.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** कैरिज कॉम्प्लेक्स, काँचरापाड़ा में 18 (अठारह) माह की अवधि के लिए पीबी. नं.-320/2024-25 और 330/2025-26 के माध्यम से अनुमोदित बल्क आरएसपी कार्य के तहत कुल 240 अदद कोचों के लिए नॉन-एसी एलएचबी कोचों में टॉयलेट का उन्नयन। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.22,35,65,956.80, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.44,71,400/-, **कार्य की समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह। **विज्ञापन अवधिः** दिनांक 21.05.2026 से 12.06.2026 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधिः** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से दिनांक 12.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 12.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधताः** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** निविदा दिनांक 12.06.2026 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 21.05.2026 से 12.06.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा।
MISC-48/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

कार्यालय नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर**

निविदा आमंत्रण की सूचना सं0 – 07/2026–27

(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि दिनांक :– 25.05.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान :– दिनांक–30.05.2026 को समय 02:00 बजे अप्रा0 कार्यालय कक्ष, नगर पंचायत, नवीनगर
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांकः– 12.06.2026 से दिनांक 20.06.2026 के 03:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक :– 20.06.2026 समय 03:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–22.06.2026 समय 03:30 बजे से
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त ।

कार्य की विवरणी – मद :–15th Finance, 6th Finance

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु० में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (onlineके माध्यम से) Website:- www.eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | MRF साइट पर चाहरदीवारी , मिट्टी भराई , हयूम पाईप क्लर्भट एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य । | 69,94,600.00 | 1,40,000.00 | 10000.00 | As Per Eproc2 | 04 माह |

Note:- Bidders Should Submit Bid Processing Fee Through Online Payment As Per Amount Generated On websitewww.eproc2.bihar.gov.in ।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inअथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नवीनगर

PR. No. 004423 (B&C ) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

# ग्रीष्मावकाश में विशेष शैक्षणिक अभियान चलाने का निर्देश

## ईंट भट्ठों पर कार्यरत प्रवासी परिवारों के बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अंतर्गत संचालित निपुण भारत मिशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों का पठन-पाठन नियमित एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु टोला सेवक, शिक्षा सेवक एवं पंचायत स्तरीय सहयोग से विशेष अभियान संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं का नियमित आकलन सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि प्रखंडवार सर्वे प्रतिवेदन के अनुसार हिसुआ, नवादा, नरहट एवं अकबरपुर प्रखंडों में कक्षा 1 के बच्चों की भाषा संबंधी दक्षता 70 प्रतिशत से कम पाई गई है। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान को निर्देश दिया कि शेष 25 से 30 प्रतिशत बच्चों को ग्रीष्मावकाश के दौरान लक्ष्य निर्धारित कर शत-प्रतिशत दक्षता दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आठ भूमिहीन विद्यालयों में से 05 विद्यालयों हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गई है। शेष तीन विद्यालय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय वरियो (नारदीगंज), रामपुर (गोविंदपुर) एवं शिखरपुर (रोह) में भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्रधानाध्यापकों से समन्वय स्थापित कर यू-डायस पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड करने तथा भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा वार निपुणता पंजी का संधारण किए जाने का निदेश दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी 14 प्रखंडों में एक-एक मॉडल विद्यालय चिन्हित किया गया है, जहां विभागीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि श्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर ईंट भट्ठों पर कार्यरत प्रवासी परिवारों के 3 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रवासी परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु ग्रीष्मावकाश के दौरान टोला सेवकों एवं शिक्षा सेवकों के माध्यम से विशेष सर्वे अभियान चलाकर वास्तविक आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### आपसी सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना परिसर में बकरीद को ले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार, सीओ निशांत कुमार एवं थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने लोगों से आपसी सौहार्द के साथ बकरीद मनाने की अपील की। कहा कि ईदगाह में निर्धारित समय पर नमाज अता करें। अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान ने वारिसलीगंज मोड़ के पास से कचरे के अंबार को साफ कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी के प्रतिनिधि पंकज सिंह, पूर्व मुखिया शकील अहमद, मुखिया मनोज चौरसिया, विश्वनाथ यादव, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, मो.जावेद, हाफिज नौशाद, लवली टेलर, मोजीब अंसारी, प्रकाश यादव, उपेंद्र शर्मा, बाल्मीकि मेहता, सत्येंद्र साव, मुश्ताक अहमद, नीरज कुमार, पंकज सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**हिसुआ**। थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवानंद कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ बकरीद मनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पर्व के दौरान सभी संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। वार्ड पार्षद शंभू शर्मा एवं अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर बिहार राज्य नागरिक सदस्य शोभा देवी, विधायक प्रतिनिधि बिगन सिंह, असगर अली, कपिल मांझी, मुसाफिर कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि तस्लीम उद्दीन, उप प्रमुख पुकार सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पीएचसी की छत गिरी, दहशत में स्वास्थ्यकर्मी

**कौआकोल**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल का भवन इन दिनों पूरी तरह जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। लगातार छत टूटकर गिरने की घटनाओं से स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। बावजूद इसके डॉक्टर, एएनएम और अन्य कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों का इलाज करने को मजबूर हैं। बुधवार को पीएचसी के कार्यालय कक्ष की छत का बड़ा हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। घटना के समय कमरे में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि उस वक्त कोई कर्मचारी छत के नीचे मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इससे पहले मंगलवार को भी भवन की छत का हिस्सा गिरा था,जिसमें एएनएम सुनीता कुमारी बुरी तरह घायल हो गई थीं। उन्हें काफी चोटें आई थी, जिसके बाद कर्मियों में दहशत और बढ़ गई है। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। कई कमरों की छतों में दरारें पड़ गई हैं और प्लास्टर लगातार टूटकर गिर रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। कर्मियों ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को भवन की मरम्मत और नए भवन निर्माण के लिए सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि पीएचसी क्षेत्र के हजारों लोगों के इलाज का मुख्य केंद्र है। ऐसे में भवन की बदहाल स्थिति कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### पति को जहर देने वाली आरोपित पत्नी गिरफ्तार

**रजौली**। थाना क्षेत्र के मांगोडीह गांव में अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की जहर देकर हत्या कर दी। मृतक रविंद्र राजवंशी उर्फ मंगरू उर्फ धर्मेंद्र राजवंशी के नाना राजो राजवंशी के आवेदन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रजौली थाना में कांड संख्या 282/26 के तहत बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि शादी के बाद से ही युवक अपनी पत्नी के दबाव में ससुराल में रह रहा था, जहां पत्नी का गंगटा निवासी के किसी युवक से अवैध संबंध हो गया। पति द्वारा इसका विरोध किये जाने पर उसके साथ कई बार मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके बाद अंततः पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर उसे जहर दे दिया, जिसका नतीजा रहा कि इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया है, जबकि फरार प्रेमी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### किसान कॉलेज में आयोजित स्नातक परीक्षा का उड़न दस्ता टीम ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ**। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2025-29 स्नातक सेमेस्टर-2 परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से गठित उड़न दस्ता दल लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहा है। इसी क्रम में उड़न दस्ता दल के सदस्य डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद एवं प्रोफेसर रविन्द्र नाथ सिंह ने कई कॉलेजों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उड़न दस्ता दल किसान कॉलेज भी पहुँचा, जहां कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. दीबांशु कुमार ने दल के साथ परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर अनुशासन, पारदर्शिता एवं कदाचारमुक्त वातावरण की समीक्षा की गई। उड़न दस्ता दल के सदस्य डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि किसान कॉलेज सहित जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल संचालन में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर मनोज कुमार का लगातार सहयोग एवं मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे परीक्षा संचालन सुचारु रूप से संपन्न हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर एवं सुरक्षित परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

पूर्व रेलवे
शुद्धिपत्र
वर्ष 2026 के मई माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम के संदर्भ में, जो पूर्व में मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, एन. एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा प्रकाशित किया गया था, इसमें सियालदह मंडल के तहत उपर्युक्त माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है, मौजूदा तिथि 29.05.2026 को अब **30.05.2026** पढ़ा जाना चाहिए। डिपों/मंडलों की अन्य तिथियाँ अपरिवर्तित रहेंगी।
STORES-14/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने को लेकर व्यापक प्रशासनिक तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। ईद-उल-जोहा (बकरीद) को जिले में सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण को लेकर जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ईद-उल-जोहा (बकरीद) 2026 के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में 255 स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जोनल गश्ती दल एवं विशेष चेकिंग दल में सम्पूर्ण रजौली अनुमंडल क्षेत्र, सम्पूर्ण सदर-01 अनुमंडल क्षेत्र, सम्पूर्ण सदर-02 अनुमंडल क्षेत्र एवं सम्पूर्ण पकरीबरावां अनुमंडल क्षेत्र में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में अग्निशमन दस्ता, बज्रवाहन, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत आदि की व्यवस्था की गई है। तनावपूर्ण स्थानों पर संबंधित थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। सोशल मीडिया पर किसी सम्प्रदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा दूसरे सम्प्रदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले संवाद, चित्र अथवा वीडियो पोस्ट किए जाने के कारण साम्प्रदायिक तनाव या गंभीर विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके लिए सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष/ओ0पी0 अध्यक्ष द्वारा वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर नीलिमा साहु, उप विकास आयुक्त, नवादा एवं निशु मल्लिक, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), जिले की सम्पूर्ण विधि-व्यवस्था के प्रभार में रहेंगे। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे कर्तव्यनिष्ठा तथा कर्मठता के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर चौथी बार निर्विरोध चुने गए सोनू कुशवाहा

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा का संगठनात्मक चुनाव रविवार को नालंदा जिला में संपन्न हुआ। शहर के सोहसराय स्थित गंगा मैरेज हॉल में आयोजित चुनाव में एक बार फिर युवा एवं जुझारू नेता सोनू कुशवाहा को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। उनका चयन लगातार चौथी बार निर्विरोध हुआ। चुनाव प्रक्रिया पार्टी के प्रधान महासचिव एवं प्रभारी हिमांशु पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक अजय कुशवाहा तथा निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुशवाहा की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान दस डेलिगेट सदस्यों की मौजूदगी में संगठनात्मक चुनाव कराया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोनू कुशवाहा के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर प्रभारी हिमांशु पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा पूरे बिहार में संगठन को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। पंचायत स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर तक संगठन विस्तार अभियान चलाया जा रहा है। निर्विरोध चुने जाने के बाद सोनू कुशवाहा ने पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# क्लब तथागत सहेली सेंटर में प्रमाणपत्र वितरण समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब तथागत द्वारा संचालित "रोटरी तथागत सहेली सेंटर" में सिलाई-बुनाई, कंप्यूटर एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी उपस्थित रहीं। उनके कर-कमलों द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। रोटरी सहेली सेंटर के सेटलर डॉ. सुजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तनुजा कुमारी ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत द्वारा संचालित रोटरी सहेली सेंटर महिलाओं एवं बालिकाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से महिलाएँ स्वयं रोजगार स्थापित कर अपनी आय से परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम बनेंगी तथा अपने परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने रोटरी क्लब तथागत के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। क्लब अध्यक्ष रो परमेश्वर महतो ने कहा कि सहेली सेंटर आज रोटरी क्लब तथागत की एक विशेष पहचान बन चुका है। यहां पर महिलाओं को प्रशिक्षण देकर समाज सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है। रोटरी क्लब तथागत के पूर्वाध्यक्ष एवं सिलाई सेंटर के सचिव रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार ने प्रशिक्षकों से आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों को और बेहतर प्रशिक्षण दें, क्योंकि यही बच्चे हमारे शहर एवं रोटरी तथागत की पहचान हैं। रोटरी क्लब तथागत के मेंटर एवं पूर्वाध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अर्विंद कुमार ने कहा कि हम सबके निरंतर प्रयास एवं सहयोग से समाज के पिछड़े वर्गों तक कौशल विकास की शिक्षा पहुंचाई जा रही है, जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें और समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें। वहीं रो अमन कुमार ने कहा कि रोटरी सहेली सेंटर अपने विद्यार्थियों के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है तथा इस प्रकार की सेवा गतिविधियां आगे भी जारी रहेंगी। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अनिल सैनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रशिक्षण कार्य के सेंटर इंचार्ज हेमलता कुमारी, सिलाई प्रशिक्षण हेतु रिंकू सिन्हा मैम, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण हेतु मुस्कान कुमारी तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु श्वेता कुमारी ने प्रशिक्षुओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सेंटर इंचार्ज रोटेरियन अमित कुमार ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी सदस्यों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगकर्ताओं को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। साथ ही मुख्य अतिथि तनुजा कुमारी को मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# रोटरी सहेली सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के बीच प्रमाणपत्र वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब तथागत द्वारा संचालित "रोटरी तथागत सहेली सेंटर" में बुधवार को सिलाई-बुनाई, कंप्यूटर एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी सहेली सेंटर के सेटलर डॉ. सुजीत कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर तनुजा कुमारी ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत महिलाओं एवं बालिकाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से महिलाएं स्वयं रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी तथा परिवार और सोसाइटी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। क्लब अध्यक्ष रो परमेश्वर महतो ने कहा कि सहेली सेंटर आज रोटरी क्लब तथागत की विशेष पहचान बन चुका है और यहां लगातार समाज सेवा के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वहीं क्लब के पूर्वाध्यक्ष एवं सिलाई सेंटर के सचिव रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार ने प्रशिक्षकों से बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देने का आग्रह किया। रोटरी क्लब तथागत के मेंटर एवं पूर्वाध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के पिछड़े वर्गों तक कौशल विकास की शिक्षा पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। रो अमन कुमार ने कहा कि रोटरी सहेली सेंटर विद्यार्थियों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसी सेवा गतिविधियां जारी रहेगी।

# देसी राइफल के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से एक देशी राइफल बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम चकवाय के समीप श्मशान घाट के पास आम बगीचे में एक व्यक्ति हथियार छिपाकर उसकी निगरानी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारिसलीगंज थाना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध स्थान की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि बरामद राइफल उसके बड़े भाई की है, जिसे पुलिस कार्रवाई से बचाने के लिए उसने आम बगीचे में छिपाकर रखा था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छिपाई गई एक देशी राइफल बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और हथियार के वास्तविक स्वामित्व तथा इसके उपयोग से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। साथ ही मामले में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजगीर मलमास मेला के पहले शाही स्नान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो







**बिहारशरीफ**। राजगीर मलमास मेला में बुधवार को पहला शाही स्नान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हुए इस पावन अनुष्ठान में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने राजगीर के पवित्र ब्रह्मकुंड, सप्तधारा एवं सरस्वती नदी में आस्था की डुबकी लगाई। पूरे मेला क्षेत्र में "हर-हर महादेव", "जय श्रीराम" और धार्मिक जयघोषों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

सुबह 6 बजे शुरू हुआ शाही स्नान करीब 10 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान 19 अलग-अलग अखाड़ों के साधु-संतों सहित लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने ब्रह्मकुंड में स्नान किया। राजगीर तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि सुबह 10 बजे तक लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है और शाम तक यह संख्या एक लाख से अधिक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने सभी साधु-संतों, श्रद्धालुओं, जिला प्रशासन एवं पंडा समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शाही स्नान में खाक चौक ठाकुरबाड़ी, बड़ी संगत, धनियां पहाड़ी संगत, रजौली संगत, कैलाश आश्रम, कबीर पंथी, फलाहारी बाबा, सखी संप्रदाय के झुनकिया बाबा सहित विभिन्न अखाड़ों के महंत एवं साधु-संत शामिल हुए। प्रयागराज के उदासीन अखाड़ा के साधु-संत सातवें जत्थे के रूप में ब्रह्मकुंड पहुंचे और विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की। वहीं अघोरी अखाड़ा श्मशान घाट राजगीर के साधु-संतों ने भी हर-हर बम-बम के उद्घोष के साथ स्नान किया। तीसरे जत्थे के रूप में कबीर चौरा मठ गोला घाट से पहुंचे साधु-संतों ने शाही स्नान में हिस्सा लिया। सबसे पहले खाक चौक ठाकुरबाड़ी के साधु-संतों ने ब्रह्मकुंड में स्नान किया। साधु-संतों के स्नान के दौरान आम श्रद्धालुओं के प्रवेश को कुछ समय के लिए रोका गया था, ताकि सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखी जा सके। शाही स्नान का अनुष्ठान गुरुनानक कुंड से शुरू होकर सरस्वती नदी, सप्तधारा और मुख्य ब्रह्मकुंड तक संपन्न हुआ। साधु-संतों के जत्थे पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों एवं जयघोषों के साथ स्नान के लिए पहुंचे। श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी नई पोखर से पहुंचे 12वें जत्थे के दौरान पूरा राजगीर हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। संत लाल दास जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की सबसे बड़ी धरोहर राजगीर है। संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिला एवं मेला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह सूचना एवं सहायता शिविर लगाए गए थे। प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास अथवा पुरुषोत्तम मास में भगवान विष्णु एवं 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास राजगीर में माना जाता है। इसी कारण इस अवधि में राजगीर में स्नान, पूजा-पाठ एवं दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दौरान यहां किए गए धार्मिक कार्यों से अनंत गुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

# हत्या, साइबर अपराध और अवैध हथियार मामलों में 44 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नवादा पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में जिले भर से कुल 44 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें हत्या के छह, हत्या के प्रयास के आठ, साइबर अपराध के दो, एससी/एसटी एक्ट के चार, आर्म्स एक्ट के एक तथा मद्यनिषेध अधिनियम के आठ अभियुक्त शामिल हैं। अन्य मामलों में 15 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। अभियान के दौरान पुलिस ने 96 वारंटों का निष्पादन किया तथा एक कुर्की वारंट का भी निष्पादन किया। वहीं वाहन जांच अभियान में कुल 200 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने कार्रवाई के क्रम में एक .315 बोर की देशी राइफल, पांच मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड तथा दो अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी भी की है। नरहट थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में तीन आरोपितों फिरोजा खातून, बुसरा परवीन और शबा वसीर को गिरफ्तार किया। वहीं रजौली थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा। हिसुआ थाना पुलिस ने हत्या से जुड़े एक पुराने मामले में फरार चल रहे अभियुक्त कुसुक मांझी उर्फ महेश मांझी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नगर थाना पुलिस ने भी एक हत्या कांड में वांछित अभियुक्त बिल्लू चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जहां वीरेंद्र कुमार को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक .315 बोर की देशी राइफल बरामद हुई। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। साइबर थाना की टीम ने ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से जुड़े मामले में दीपू कुमार उर्फ दीपक कुमार एवं अजीत कुमार को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक सिम कार्ड और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पूर्व रेलवे
**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/613, दिनांक 26.05.2026**, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/23/25-26/सीएपी, आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** (i) सियालदह मंडल के बनगांव-बारासात-हासनाबाद-दमदम जंक्शन-राजचंद्रपुर, सियालदह-बालीगंज-सोनारपुर-कैनिंग-बारुईपुर-नामखाना-डायमंड हार्बर-बजबज-माझेरहाट खंड में टेलीकॉम गियरों और टेलीकॉम केबलों, ओएफसी के प्रतिस्थापन तथा पुनरुद्धार के साथ विश्वसनीयता में सुधार का कार्य। (ii) निश्चिंदपुर (एनसीपी) स्टेशन पर मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम को नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से बदलने के संबंध में टेलीकॉम कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.3,29,42,141.61, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.6,58,900/- **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 08.06.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 22.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 22.06.2026 को 14.30 बजे। विवरण यहाँ से देखा जा सकता हैः **www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंडः** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंडः** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** एसडीएच/पीडीएच (एसटीएम, एमयूएक्स आदि) उपकरणों या "आईपीआईएस आइटम (टीआईबी, पीए सिस्टम, क्लॉक, सीजीडीबी आदि)" या "रेलवे के विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए इलेक्ट्रॉनिक/आईपी एक्सचेंज/इंटरकॉम या क्वाड/ओएफसी आधारित नेटवर्किंग" की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ से सम्मिलित कोई रेलवे टेलीकम्युनिकेशन कार्य। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।
SDAH-58/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# डेल्हा क्षेत्र में युद्धस्तर पर बिजली व्यवस्था में सुधार

## तीन दिन तक कैंप कर जुटे रहे कार्यपालक अभियंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भीषण गर्मी के बीच गया शहर के डेल्हा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग ने युद्ध स्तर पर अभियान चलाया। फ्यूज कॉल, कम वोल्टेज और बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायतों के बाद विद्युत कार्यपालक अभियंता गया शहरी आजाद कुमार सिंह ने लगातार तीन दिनों तक क्षेत्र में कैंप कर हालात की निगरानी की और टीम के साथ मिलकर व्यापक सुधार कार्य कराया। डेल्हा क्षेत्र में सबसे पहले ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई। कई स्थानों पर पुराने और खुले तार हटाकर नए केबल लगाए गए जहां पोल और केबल की कमी थी, वहां पूरी रात काम कर नई व्यवस्था बहाल की गई। कम वोल्टेज की समस्या वाले इलाकों में नया अर्थिंग सिस्टम लगाकर आपूर्ति को मजबूत बनाया गया। बिजली विभाग ने उन जगहों पर नए तार भी लगाए जहां पुराने तारों के पिघलने और बीच में फॉल्ट होने की समस्या बनी रहती थी। विभागीय टीम ने लगातार काम करते हुए करीब चार नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ केबल और अन्य उपकरण भी स्थापित किए। आजाद कुमार सिंह ने शहर की अन्य बिजली समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के साथ बैठक कर समाधान की दिशा में भी पहल की। विभाग की ओर से अब जले हुए ट्रांसफार्मरों को दो घंटे के भीतर बदलने की व्यवस्था लागू की गई है, ताकि भीषण गर्मी में ओवरलोड के कारण खराब होने वाले ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जा सके। इसके साथ ही कार्यपालक अभियंता ने अपने कार्यालय में ऑन द स्पॉट समाधान शिविर भी शुरू कराया है। इन शिविरों में गया शहर के लोग पहुंचकर अपनी बिजली संबंधी शिकायतों का तत्काल समाधान करा रहे हैं। शहर के विभिन्न व्हाट्सएप समूहों से मिलने वाली शिकायतों पर भी विभाग तेजी से कार्रवाई कर रहा है। डेल्हा क्षेत्र के लोगों ने बिजली व्यवस्था में हुए सुधार पर खुशी जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर इतना व्यापक और तेज काम कभी नहीं हुआ था।

# शिलांग में बिहारियों के बीच पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार

## विकसित बिहार और विकसित भारत निर्माण का किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिलांग (मेघालय)।** मेघालय की राजधानी शिलांग में बिहार से आए तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत बिहारी समाज के लोगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने सहभागिता कर प्रवासी बिहारियों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में बिहारी समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में रहकर कार्य कर रहे बिहारी समाज के लोग अपनी मेहनत, प्रतिभा और ईमानदारी के बल पर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे जहां भी रहें, वहां कर्मठता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ कार्य करें तथा बिहार और देश का नाम गौरवान्वित करें। उन्होंने कहा कि बिहारी समाज अपनी संस्कृति, शिक्षा, परिश्रम और संघर्षशीलता के कारण पूरे देश में सम्मानित है। डॉ प्रेम कुमार ने प्रवासी बिहारियों की समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना तथा भरोसा दिलाया कि समाज के हित और सम्मान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित लोगों ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके विचारों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार के सहयोगी रणविजय रोशन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा सह सहसंयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ कोसी प्रमंडल, संजीव कुमार सह मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा बिहार प्रदेश, संजीव जायसवाल मुखिया सिमरी बख्तियारपुर, बिहार एसोसिएशन के अरविंद यादव, जयप्रकाश सिंह, शत्रुघ्न राय, धर्मवीर राय, दयानंद राय, परमहंस राय, सचिन राय, सूरज ठाकुर और राजेश राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि, युवा, व्यवसायी और अन्य क्षेत्रों में कार्यरत बिहारी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# नगर निगमों व नगर परिषदों में स्थानीय विकास कार्यों को विभागीय स्तर पर कराने की मांग को लेकर पत्र सौंपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** बिहार के नगर निगमों व नगर परिषदों में स्थानीय विकास कार्यों को निविदा की जगह विभागीय स्तर पर ही कराने की मांग को लेकर वार्ड पार्षद ने नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से मिलकर पत्र सौंपा। नगर परिषद टिकारी के वार्ड संख्या सात के वार्ड पार्षद नीतीश कुमार ने नप छोटे विकास कार्यों को निविदा प्रक्रिया से मुक्त रखने की मांग की है। श्री मिश्रा को दिये गये पत्र में कहा गया कि पूर्व में बिहार सरकार द्वारा यह दूरदर्शी निर्णय लिया गया था कि साढ़े सात लाख रुपये तक की छोटी विकास योजनाओं को बिना किसी लंबी टेंडर प्रक्रिया के विभागीय स्तर पर कराया जाए, ताकि वार्डों में तुरंत काम शुरू हो सके, लेकिन इस व्यवस्था के विपरीत विभाग के प्रधान सचिव द्वारा पत्र जारी कर छोटी-छोटी योजनाओं को भी निविदा के माध्यम से कराने का निर्देश दे दिया गया है जिससे विकास कार्यों पर ब्रेक लगने की स्थिति पैदा हो गई है। पत्र के माध्यम से वार्ड पार्षद ने कार्यों में अत्यधिक विलंब, लागत व समय की बर्बादी व जनप्रतिनिधियों की लाचारी बताते हुए तत्काल संशोधन और राहत की मांग है।

# नवविवाहिता की हत्या कर शव गायब करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के देवरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगा है। मामले को लेकर मृतका की मां ने कोंच थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका प्रियंका कुमारी (22 वर्ष), स्वर्गीय सुनील कुमार की पुत्री थी। उसकी शादी करीब 11 माह पूर्व जहानाबाद जिले के तेतरपुर निवासी परिवार से कोंच थाना क्षेत्र के देवरा गांव निवासी सचिन कुमार, पिता उमेश यादव के साथ हुई थी। मृतका की मां मंजू देवी ने आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री की हत्या पति समेत परिवार के चार-पांच लोगों ने मिलकर कर दी तथा साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को गायब कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। इधर, कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मृतका की मां द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा आवेदन में लगाए गए आरोपों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# गुरुआ में जेवर दुकान में हथियारबंद अपराधियों का कहर, दुकानदार को गोली मार लाखों के जेवर लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** गुरुआ बाजार में बुधवार शाम करीब छह बजे हथियारबंद अपराधियों ने एक ज्वेलर्स दुकान में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने दुकान मालिक को गोली मारकर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार गुरुआ बाजार स्थित रामेश्वर बाबू की ज्वेलर्स दुकान पर कुछ अपराधी ग्राहक बनकर पहुंचे। इसी दौरान अपराधियों ने हथियार निकालकर दुकान में मौजूद लोगों को धमकाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अपराधियों ने दुकान मालिक के पैर में दो गोलियां मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी के बाद अपराधियों ने दुकान में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने एवं चांदी के आभूषण लूट लिए और फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दुकानदार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही गुरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस लूट और गोलीबारी की घटना से गुरुआ बाजार के व्यवसायियों में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का स्वर्णिम काल : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

## गया की पावन धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई और शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता एवं संतोष ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का बेमिसाल काल बताते हुए उन्हें गया जी की पावन धरती से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। आज देश का हर वर्ग केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है और भारत विश्व मंच पर मजबूती के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीब और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है जो सुविधाएं पहले केवल बड़े शहरों तक सीमित थीं, वह आज गांव और गरीब तक पहुंच रही हैं। यही सच्चे अर्थों में सुशासन की पहचान है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में पहले से कहीं अधिक मजबूत और सुरक्षित हुआ है। भारतीय सेना को आधुनिक हथियारों और अत्याधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है। आज भारत हर चुनौती का मजबूती से सामना करने में सक्षम है। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी देश ने ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की सामरिक शक्ति का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को गंभीरता से सुना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक शक्ति और आर्थिक क्षमता के बल पर विश्व में नई पहचान बनाई है। जी-20 जैसे वैश्विक आयोजनों में भारत की भूमिका ने पूरी दुनिया को भारतीय नेतृत्व क्षमता का परिचय कराया है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश को नई ऊर्जा और नई सोच प्रदान की है। वहीं राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि आज भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है और देशवासी गर्व के साथ स्वयं को भारतीय कहते हैं। नेताओं ने गया जी की पावन धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत विश्व इतिहास में और भी स्वर्णिम अध्याय लिखेगा।

# वार्ड पार्षदों को निर्धारित समय पर अनुमण्डल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद टिकारी की सशक्त स्थायी समिति के रिक्त तीन पदों के लिए शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही स्थानीय राजनीति का माहौल गर्म हो गया है व नप में सरगर्मी तेज हो गई है। एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने मतदान की तिथि घोषित करते हुए सभी वार्ड पार्षदों को निर्धारित समय पर सभी 26 वार्ड पार्षदों को अनुमण्डल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होगी व चुनाव संपन्न होने तक जारी रहेगी। जानकारी हो कि नगर परिषद टिकारी में कुल 26 वार्ड है। सशक्त स्थायी समिति में कुल पांच सदस्य होते हैं। इनमें मुख्य पार्षद अजहर इमाम व उपमुख्य पार्षद सागर कुमार पदेन सदस्य के रूप में पहले से शामिल हैं। शेष तीन पदों के लिए ही चुनाव होना है। पूर्व के समिति में वार्ड संख्या दो के पार्षद अक्षय कुमार चौधरी, वार्ड 17 की पार्षद अजमेरी खातून व वार्ड 21 की पार्षद सादा खातून सदस्य के रूप में कार्यरत थे। अब इन सीटों के लिए नई चुनावी जंग शुरू हो चुकी है।

**मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद नहीं करेंगे मतदान**

चुनाव की घोषणा के साथ ही नगर परिषद की राजनीति में जोड़-तोड़ व समर्थन जुटाने की गतिविधियां तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में पार्षदों को अपने पक्ष में करने के लिए अलग-अलग खेमों द्वारा प्रयास तेज कर दी गई है। चुनाव बिहार नगरपालिका संशोधन अधिनियम 2026 के तहत गुप्त मतदान के जरिए कराया जाएगा। मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद को छोड़कर निर्वाचित वार्ड पार्षद बहुमत के आधार पर समिति के सदस्यों का चयन करेंगे। मतदान के लिए वार्ड पार्षदों को सहायक ले जाने की अनुमति नहीं है। उम्मीदवारों को प्राप्त मत बराबर न होने की स्थिति में हार जीत का निर्णय लॉटरी के माध्यम से कराया जाएगा।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar,(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road,Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in**
**Telephone:-0662-235076 & Fax:06562-235078**

**Corrigendum**

Published **e-NIT No-100 & 101/PR/JBVNL/2026-27** O&M is hereby amended due to unavoidable circumstances. Details are given below:-

| Sl. No. | E NIT No. | Published material Name | Ammended Material Name |
|---|---|---|---|
| 1. | 100 PR/ JBVNL/ 2026-27 | 33 KV CT(Current and Potential Transformer) 600/400/200/1-1-1 | 33 KV Current transformer 600-400-200/1-1-1 |
| 2. | 101 PR/ JBVNL/ 2026-27 | 11 KV CT(Current and Potential Transformer) 600/400/200/5-5-5 | 11 KV Current transformer 600-400-200/5-5-5 |
| | | 11 KV CT(Current and Potential Transformer) 600/400/200/1-1-1 | 11 KV Current transformer 600-400-200/1-1-1 |

Other terms & condition remain the same.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 380501

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR 380877 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D


# लंबित मामले में बड़ी कार्रवाई, आहर पर अवैध निर्माण ढहाने की प्रक्रिया शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अंचल प्रशासन ने आखिरकार एक लंबे समय से लंबित मामले में बड़ी कार्रवाई की है। उच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी किए जाने के पूरे सात साल बाद लंबी कानूनी प्रक्रिया की लड़ाई के बाद प्रशासन ने गांव के पारंपरिक जल स्रोत आहर की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ढहाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के तहत कुल 22 मकानों को अतिक्रमण की श्रेणी में चिन्हित किया गया है जिन्हें जमींदोज किये जाने की कार्रवाई शुरू की है। बुधवार को ग्रामीण रामाधार सिंह, उदय सिंह व निर्भय सिंह द्वारा की गई अतिक्रमण को जमींदोज किया गया। बुधवार सुबह जैसे ही अंचल अधिकारी मयंक शेखर के नेतृत्व में पुलिस बल व बुलडोजर दस्ता गांव में पहुंचा, वैसे ही हड़कंप मच गया। किसी भी प्रकार के विरोध या कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए चिन्हित किए गए अवैध ढांचों को गिराना शुरू कर दिया है। कौशलेंद्र कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय में आहर को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर वाद दायर की थी जिसके बाद वर्ष 2019 में ही अतिक्रमणमुक्त करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के विरुद्ध में अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः याचिका दी गईं थी जिसके बावजूद न्यायालय ने अतिक्रमण मानते हुए कार्रवाई का आदेश दिया था। अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है। आहर की पूरी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। चिन्हित किए गए सभी 22 अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। बुधवार को तीन पक्का निर्माण को जमींदोज किया गया। कार्रवाई जारी रहेगी।

# शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित हुए। थानाध्यक्ष ने लोगों से शांति पूर्वक पर्व मनाने का आग्रह किया। बाजू बिगहा गांव के मुस्लिम समुदाय के आधा दर्जन से भी अधिक लोग उपस्थित हुए।


**AFFIDAVIT**

I hitherto known as Nawratna Mandal S/o Jaldhar Mandal, R/ o- Telia Bhawanipur PO- Telia Bhawanipur, Distt. - Banka Bihar - 813103, have changed my name and shall hereafter be known as Kumar Navratna Singh. Affidavit no. 21/ 26.5.2026

**शपथ पत्र**

मैं सरस्वती देवी SARSWATI DEVI पति-स्व. रामाधार राम उम्र - 96 वर्ष, ग्राम-मोहनपुर, पोस्ट-मोहनपुर, थाना-काराकाट, जिला-रोहतास का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार सं.- 6191 2758 1804 है। निम्नलिखित बयान करती हू कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। रामाधार राम की मृत्यु दिनांक 01.12.1994 को हो गई है। मैं अपने पति स्व. रामाधार राम की एक मात्र विवाहित पत्नी हूं।
मेरे पति स्व. रामाधार राम द्वारा सेवा पुस्तिका एवं PPO सं. 242197400141 आर्मी में मेरा नाम सरस्वती देवी SIRSWATI DEVI तथा जन्म तिथि दिनांक 01.01.1939 अंकित है जो कि गलत था जो कि मेरा सही नाम सरस्वती देवी SARSWATI DEVI है एवं जन्म तिथि 01.01.1930 आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अंकित है जो कि सही है। मैं अपने नाम वो जन्म तिथि सुधारने हेतु यह शपथ पत्र दे रही हूं। उपरोक्त सभी बयान मेरी जानकारी वो विश्वास में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
सरस्वती देवी

**शपथ पत्र**

मैं, कौशल्या देवी पति दशरथ साह ग्राम-भुअरा, पो.-रोहतास, थाना-रोहतास, जिला-रोहतास शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे नाम से एक आधार कार्ड निर्गत हुआ है जिसमें मेरा नाम कौशल्या देवी पति दशरथ साह दर्ज है जिसमें मेरा आधार नं.- 9732 3541 3714 है। मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी सं.-515322856 है जिसमें मेरा नाम सुशीला देवी दर्ज है। कौशल्या देवी उर्फ सुशीला देवी दोनों नाम की एक मात्र महिला मैं ही हूं जो उक्त दोनों नामों से जानी वो पहचानी जाती हूं।
मैं यह शपथ-पत्र कौशल्या देवी और सुशीला देवी दोनों नाम के लिए दाखिल कर रही हूं जो मैं ही हूं।
उपरोक्त बयान मेरी जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 8817 दिनांक 18.05.26

शपथकर्ता
कौशल्या देवी

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 05/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR — दिनांक : 27.05.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR9/ STPKG-03/2023-24 | पंचायत बरवाडीह के रेलवे 16 सी0गेट से पहाड़ी मंदिर होते हुए कब्रिस्तार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.40 कि0मी0)<br>ग्राम खुरा धरधरी नदी श्मशान घाट से रविन्द्र राम के घर होते पी0डब्लू0डी0 रोड डी0एस0पी0 आवास तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.550 कि0मी0)<br>नावाडीह से गुवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.200 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी0 रोड से लादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.00 कि0मी0)<br>गाड़ी मुरम पथ पी0डब्लू0डी0 रोड से ग्राम लुकुमखांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.00 कि0मी0)<br>कोलपुरवा मोड से पोखरीकला रहमुदीन के घर तक भाया पोखरीखुर्द हरीजन टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.900 कि0मी0) | 1060.78000 | रू0 दस करोड़ साठ लाख अठहत्तर हजार रूपये मात्र। | 09 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.06.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 380944 REO (26-27)_D

संपादकीय

## फालटा : बीजेपी की जीत के मायने

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बाद, चुनाव के दौरान ही फालटा विधानसभा में धांधली के आरोप के बाद फिर से कराए गए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी का जीतना तो तय ही था। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि यह जीत 1 लाख से ज्यादा अंतर से हुई और एक माह पहले तक सत्ता में रही टीएमसी का चौथे स्थान पर रहना है। हालांकि चुनाव के पहले तक दम भरने वाले टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मतदान के पहले अपना नाम वापस ले लिया था, लेकिन उनका नाम ईवीएम में बना हुआ था। चुनाव मैदान से हटने के बाद भी जहांगीर खान को 7 हजार से अधिक वोट मिले। इन चुनाव नतीजों से साफ कर दिया कि अब राज्य में टीएमसी का आंतक लगभग समाप्त है। क्योंकि फालटा विस सीट उस डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है, जहां से ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक चुनाव जीतते हैं। अभिषेक डायमंड हार्बर को बहुत सुरक्षित और आदर्श सीट होने का दावा करते रहे हैं। लेकिन उनकी पार्टी की भारी हार ने उनके दावे की भी हवा निकाल दी है। अगली बार वो खुद भी यहां से चुनाव से जीत पाएंगे, या नहीं, कहना मुश्किल है। फालटा में जहांगीर खान की छवि बाहुबली की है। लेकिन राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद उसकी भी पोल खुल गई है। जहांगीर खान ने यह कहकर नाम चुनाव मैदान से हटने का ऐलान किया था कि मुख्यमंत्री ने फालटा के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की है। जबकि उनकी अपनी पार्टी टीएमसी ने इसे जहांगीर खान का व्यक्तिगत निर्णय और पार्टी से विश्वासघात निरूपित किया। टीएमसी नेताओं ने कहा कि चुनाव मैदान से हटने के फैसले पर पार्टी से सहमति नहीं ली गई। एक और महत्वपूर्ण बात फालटा सीट की जनसांख्यिकी है। यहां 66 फीसदी हिंदू, जिनमें 25 फीसदी दलित भी शामिल हैं तथा 34 प्रतिशत मुस्लिम वोटर हैं। हिंदू-दलित वोट भाजपा प्रत्याशी देवांशु पांडा के पक्ष में एकजुट हुआ तो कुछ मुसलमानों ने भी बीजेपी को वोट दिए हैं। जबकि ज्यादातर मुस्लिम वोटरों ने टीएमसी के बजाए सीपीएम के हिंदू प्रत्याशी संभूनाथ कुर्मी और कांग्रेस को वोट देना ज्यादा पसंद किया। चुनाव में दूसरे नंबर पर सीपीएम रही, जिसे राज्य में लगभग खत्म माना जा रहा था। ममता बैनर्जी के लिए यही सबसे बड़ी खतरे की घंटी है। फाल्टा विधानसभा सीट के चुनाव नतीजे के दिन पूर्व मुख्यसमंत्री ममता बैनर्जी ने एक्स पर पोस्ट 32 मिनट लंबे वीडियो में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आपने भवानीपुर सीट कैसे जीती है, यह मैं अदालत में बताऊंगी। अगर आप में हिम्मत है तो फोरेंसिक जांच कराएं। मुझे ईवीएम की रिपोर्ट चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वोटों की हेराफेरी के कारण क़रीब डेढ़ सौ सीटों पर पासा पलट गया। ऐसा नहीं होता तो तृणमूल कांग्रेस को 220 से 230 तक सीटें मिलतीं। ममता जो भी कहें, इन नतीजों से साफ है कि राज्य की जनता उनके 15 साल के शासन से ऊब गई थी। फालटा पर बीजेपी की शानदार जीत इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि यह सीट टीएमसी का गढ़ मानी जाती रही है। इस बीच टीमएसी के भीतर घमासान शुरू हो चुका है। पार्टी नेतृत्व पर कार्यकर्ता और नेता सवाल उठाने लगे हैं। चुनावी जीत से भी ज्यादा ममता के सामने पार्टी को एकजुट रखने की चुनौती है। वैसे राज्य अभी दो और विधानसभा सीटो पर उपचुनाव होने हैं। बीजेपी की कोशिश होगी कि उन पर भी जीत हासिल की जाए। इनमें से एक नंदीग्राम तो सीएम शुभेंदु अधिकारी की पक्की सीट ही है।

# बंगाल में राजनीतिक हिंसा रोकना सबसे बड़ी चुनौती

**पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार गठन के बाद उम्मीद बंधी है कि चुनाव उपरांत हिंसा नियंत्रित होगी। चार राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव हुए जिनमें तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, केरल एवं तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी एवं घटकों की पराजय हुई। किंतु जैसा डरावना दृश्य पश्चिम बंगाल में दिखा वैसा कहीं नहीं। चुनाव परिणाम के बाद पश्चिम बंगाल से चार तरह की नकारात्मक और चिंताजनक तस्वीरें सामने आयीं। एक, चुनाव के बाद समस्त कोशिशें के बावजूद हिंसा की घटनाएं सामने आती रहीं। दूसरे, तृणमूल कांग्रेस और उसकी नेत्री ममता बनर्जी विनम्रता से जनादेश स्वीकारने की जगह कह रहीं हैं कि हमारी 100 सीटें चुनाव आयोग ने लूट लिया। तीन, विपक्षी नेताओं ने सबसे ज्यादा समर्थन और सहानुभूति तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी को दिया है।**

**अवधेश कुमार**



केरल से माकपा नेतृत्व वाले वाम मोर्चा की सत्ता चली गई लेकिन कोई उनके लिए छाती नहीं पीट रहा है। एमके स्टालिन और द्रमुक विपक्ष के साथ भाजपा विरोधी अभियान और आक्रामकता में लगातार शामिल रहा है लेकिन उनके साथ भी यह व्यवहार नहीं। इन दोनों राज्यों के नेताओं ने न चुनाव आयोग पर कोई आरोप लगाया और न कहा कि हम हारे नहीं। दोनों राज्यों की स्थिति बिलकुल सामान्य है। ममता बनर्जी ने तो यहां तक कह दिया कि मैं चुनाव हारी नहीं हूं इसलिए इस्तीफा नहीं दूंगी। अंततः राज्यपाल ने संवैधानिक शक्ति का दुरुपयोग करते हुए उन्हें बर्खास्त किया। यह भारतीय राजनीति के इतिहास की असामान्य घटना थी। हालांकि बंगाल में इनसे अलग चौथी तस्वीर है जो हम सबको बहुत कुछ सोचने को विवश करती है। प्रदेश से आई तस्वीरों और वीडियो में लोग जगह-जगह चुनाव परिणाम का विजय उत्सव मनाते दिख रहे हैं। कहीं विजय जुलूस निकल रहे हैं, कहीं होली खेली जा रही है ,कहीं कीर्तन हो रहे हैं, मानो उन्हें मुक्ति मिली हो। इनमें महिला, पुरुष, दलित, जनजाति, युवा, किशोर सब शामिल दिखाई देते हैं। अगर इन तस्वीरों को नजरअंदाज कर देंगे तो पश्चिम बंगाल के सत्य तक नहीं पहुंच सकते। ये सारे विजय उत्सव भाजपा द्वारा ही आयोजित नहीं थे। स्वतः स्फूर्त तरीके से लोग ऐसा कर रहे हैं। बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिनका भाजपा से किसी तरह का संबंध नहीं।

चौथी तस्वीर बताती है कि 15 वर्षों के तृणमूल कांग्रेस शासन के विरुद्ध बड़े वर्ग में व्यापक असंतोष था जिससे वे मुक्ति चाहते थे। दूसरी ओर इसका अर्थ यह भी है कि हिंसा की तस्वीरों से ज्यादा सकारात्मक लोक मानस पूरे प्रदेश में है। यह लोक व्यवहार आश्वस्त करता है कि बंगाल हिंसा के दौर से बाहर निकलेगा तथा शांति व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। किंतु यह यूं ही नहीं हो सकता। हालांकि प्रदेश में जगह-जगह कुछ हिंसा तो तृणमूल नेताओं द्वारा मकानों,जमीनों, कार्यालयों पर कब्जे के संदर्भ में हुई जब लोग स्वयं निकलकर इसे मुक्त कराने लगे। इसी तरह हिंदुओं के कई धर्मस्थलों या धर्म स्थानों की मुक्ति के दृश्य भी सामने आए। कई जगह हमने देखा कि चुनाव परिणाम के बाद गांवों में कुछ लोग नारा लगाते हुए निकले और गुस्से में कोई तृणमूल का दिखा तो उसकी हल्की पिटाई कर दिया, उसके घर पर दो-चार डंडों का प्रहार कर फिर नारा लगाते चलते बने। ये दृश्य भी हिंसा के ही है और रुकने चाहिए पर ये डरावने नहीं हैं। यह बताता है कि तृणमूल शासन में दादागिरी और माफियागिरी का साम्राज्य हो गया था। इसके विरुद्ध लोगों में गुस्सा होना स्वाभाविक है।

दूसरी ओर अगर विजय जुलूसों पर बमों से हमला हो या खींचकर मार दिया जाए या सरकार बदल गई इसके नाम पर लोगों की पिटाई हो, हत्या हो तो साफ है प्रदेश में स्वस्थ लोकतांत्रिक वातावरण नहीं है। सबसे ज्यादा चर्चा मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी जो तब मुख्यमंत्री नहीं थे के सहयोगी देवनाथ रथ की हत्या की हो रही है। उन्हें उत्तर 24 परगना के मध्यग्राम में सड़क पर ढेर करअंदर गोली मारी गई। हत्यारे इतने दुस्साहसी थे कि उन्होंने सड़क पर ओवरटेक कर गाड़ी आगे से घेरा, मोटरसाइकिल से उतरकर छाती में प्रोफेशनल हत्यारे की तरह से गोली मारी और देखा कि उनके मृत्यु हुई कि नहीं। इसमें गिरफ्तारियां बता रही है कि यह पूर्व नियोजित था जिसमें भाड़े के हत्यारों का उपयोग हुआ था। इसे राजनीतिक हिंसा से अलग करके नहीं देख सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव परिणाम की संध्या भाजपा केंद्रीय कार्यालय में भाषण देते हुए कहा कि राजनीतिक हिंसा रुकनी चाहिए और हमें बदले की नहीं बदलाव की राजनीति करनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव परिणाम के बाद ही बयान दिया था जो भी पार्टी से जुड़ा व्यक्ति हिंसा करेगा उसे निष्कासित कर दिया जाएगा। फिर इस पर पत्रकार वार्ता करके स्पष्ट अपील की गई एवं चेतावनी दी गई। सत्ता संभालते हैं शिवेंदु अधिकारी ने सबसे ज्यादा फोकस कानून व्यवस्था पर किया और धीरे-धीरे स्थिति बदलने लगी है।

चुनाव से जुड़ी हिंसा चाहे वह पूर्व हो या बाद में इस बात का प्रमाण होता है कि कोई दल या नेता हर हाल में केवल अपनी जीत देखना चाहता है। यानी कोई मतदाता उससे खुश है या नाखुश, उसका समर्थक है या नहीं यह मायने नहीं रखता बल्कि हर हाल में उसका मत उसे चाहिए। यानी अगर वह दूसरे को मत देना चाहता है तो या तो मतदान केंद्र तक न जाए या अगर दे दिया तो उसे हर हाल में सबक सिखाना है ताकि भविष्य में कोई ऐसा न कर सके। पश्चिम बंगाल में 1970 के दशक में कांग्रेस ने इसकी शुरुआत की, बाद में वाम मोर्चा इसके विरुद्ध आवाज उठाकर सत्ता में आया लेकिन राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध हिंसा, हत्या, दमन उत्पीड़न, उनकी संपत्तियों पर कब्जा, आगजनी आदि को सत्ता का संपूर्ण संरक्षण प्राप्त हुआ। ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध जबरदस्त संघर्ष किया, स्वयं अपने कार्यकर्ताओं के साथ वह भी सत्ता संरक्षित हिंसा का शिकार हुई। विडंबना देखिए कि सत्ता में आने के बाद ममता और तृणमूल वाम मोर्चा से ज्यादा खतरनाक तरीके से राजनीतिक हिंसा को आगे बढ़ा दिया। देश के सामने तृणमूल सत्ता संरक्षित हिंसा की भयानक घटनाएं 2018 पंचायत चुनाव के समय और उसके बाद सामने आए। जगह-जगह लूट, आगजनी, बलात्कार, हत्या की घटनाएं हुई तथा भारी संख्या में लोगों को अपने स्थान से दूर या राज्य से बाहर पलायन करना पड़ा। 2022 विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1900 से ज्यादा हिंसा की घटनाएं दर्ज की। इनमें से लगभग ढाई दर्जन हत्या के मामले की जांच सीबीआई के जिम्मे है और मुकदमा चल रहा है।

2026 के विधानसभा चुनाव बिल्कुल भिन्न था। चुनाव आयोग ने अभूतपूर्व सवा दो लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात किए और गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा किया कि ये चुनाव के बाद दो महीने तक तैनात रहेंगे। जितना संभव हुआ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांतरण, चुनाव तक कार्य मुक्ति तथा उनकी जगह प्रदेश या बाहर से अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। इन सबके कारण सुरक्षा का माहौल बना और हर हाल में जीतने की लालसा वाले न आतंक का माहौल बना सके और न हिंसा कर सके। पिछले 6 दशक में बंगाल का पहला चुनाव था जिसमें कोई हत्या नहीं हुई और जो हिंसारहित था। किंतु तृणमूल कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में सत्ता के साथ ऐसे निहित स्वार्थी तत्व खड़े कर दिए हैं जो पराजय पचा नहीं सकते क्योंकि इससे उनका जीवन सीधे प्रभावित होता है। उदाहरण के लिए अगर बंगाल की सड़कों पर तृणमूल के लोग टोल नाका बना वसूली कर रहे थे और एक दिन में सारे बंद हो गये तो उससे कितने लोगों की अवैध आय का अंत हो गया। ऐसे लोग उनके विरुद्ध प्रतिशोध लेने की हर संभव कोशिश करेंगे तो जिन्होंने पार्टी उम्मीदवारों को हराने में भूमिका निभाई। इसी तरह हर स्तर पर कट मनी और सिंडिकेट सत्ता का स्वाभाविक अंग बन चुका था। जो लोग इन सबसे प्रभावित हुए या जिनका इनसे संघर्ष हुआ उनके अंदर भी गुस्सा होगा। सामान्य प्रशासन, पुलिस प्रशासन सबका अति तृणमूलीकरण हो चुका है। तृणमूल से जुड़े किसी नेता के भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई का हिंसक विरोध और यहां तक कि केंद्रीय एजेंसियों पर हमले और खदेड़े जाने के दृश्य हम सबने देखे। जब उनकी नेत्री ममता बनर्जी कह रहीं हैं कि चुनाव आयोग और सुरक्षा बलों ने मिलकर उन्हें हराया और भाजपा को जिताया तो इसका संदेश इन सबके बीच क्या गया है यह बताने की आवश्यकता नहीं। यह एक प्रकार से अपने लोगों को उकसाना है कि आप शक्ति प्रदर्शित करो और इस चुनाव परिणाम को स्वीकार मत करो।

अध्यात्म

## जल्दी सफलता पाने का लालच इंसान को गलत रास्ते पर ले जा सकता है

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक गांव में रहने वाला एक किसान बहुत परेशान था। मेहनत करने के बाद भी उसे सफलता नहीं मिल रही थी। कभी आर्थिक संकट, कभी पारिवारिक तनाव और कभी अधूरे काम, इन सबने उसे अंदर से तोड़ दिया था। वह सपने देखता, लक्ष्य बनाता, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण उसका ध्यान भटक जाता और काम अधूरा रह जाता। एक दिन वह गांव के बाहर रहने वाले एक ज्ञानी संत के पास पहुंचा। किसान ने विनम्रता से कहा, 'गुरुदेव, मैं मेहनत तो बहुत करता हूं, लेकिन अपने लक्ष्य तक पहुंच नहीं पाता। कभी इधर-उधर के कामों में उलझ जाता हूं, तो कभी लालच और छोटी-छोटी बातों में समय बर्बाद हो जाता है। कृपया मुझे कोई मार्ग बताइए, जिससे मुझे सफलता मिल सके।' संत मुस्कुराए और बोले, 'मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा, वहीं तुम्हें तुम्हारी समस्या का समाधान बता दूंगा।' अगले दिन संत किसान के घर पहुंचे। किसान उस समय खेत पर गया हुआ था। उसकी पत्नी ने संत का आदर-सत्कार किया और बेटे को किसान को बुलाने भेजा। थोड़ी देर बाद किसान घर लौटा। उसके साथ उसका पालतू कुत्ता भी था, जो बहुत जोर-जोर से हांफ रहा था। संत ने आश्चर्य से पूछा, 'तुम्हारा खेत क्या बहुत दूर है?' किसान बोला, 'नहीं गुरुदेव, खेत तो पास ही है।' संत ने फिर पूछा, 'फिर तुम बिल्कुल शांत और सामान्य हो, जबकि तुम्हारा कुत्ता इतना थका हुआ क्यों है?' किसान हंसते हुए बोला, 'गुरुदेव, मैं तो सीधे रास्ते से चला आया, लेकिन यह कुत्ता रास्ते में आने वाले हर दूसरे कुत्ते पर भौंकता, उन्हें भगाने दौड़ता और इधर-उधर भटकता रहा। इसी वजह से यह बहुत थक गया है। '

संत मुस्कुराए और बोले, 'यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। तुम भी अपने लक्ष्य की ओर काम करते समय हर छोटी बात, लालच, दूसरों की बातों और व्यर्थ के कामों में उलझ जाते हो। जो व्यक्ति अपने रास्ते से भटकता है, उसकी ऊर्जा व्यर्थ खर्च हो जाती है और वह मंजिल तक नहीं पहुंच पाता।' संत की बात किसान को समझ आ गई। उस दिन उसने समझ लिया कि सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही दिशा में लगातार आगे बढ़ने से मिलती है। जिस व्यक्ति को अपनी मंजिल साफ दिखाई देती है, वह रास्ते की रुकावटों से नहीं डरता। हर स्थिति अपना लक्ष्य के लिए स्पष्टता रखें।

# क्रिकेट के साए से निकलती खेल फिल्मों की दुनिया

**इन दिनों आईपीएल का शोर हर तरफ सुनाई दे रहा है। चौकों-छक्कों, ऑक्शन, फैंटेसी लीग और सोशल मीडिया ट्रेंड्स के बीच ऐसा लगता है मानो भारत में खेल का मतलब सिर्फ क्रिकेट ही रह गया हो। यही असर हिंदी सिनेमा पर भी दिखाई देता है, जहां लंबे समय तक क्रिकेट आधारित कहानियां ही सबसे ज्यादा पर्दे पर उतरीं। लेकिन भारतीय खेल संस्कृति केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं है। फुटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन और शतरंज जैसे खेल भी हमारे समाज, संघर्ष और सपनों का हिस्सा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बॉलीवुड ने समय-समय पर इन खेलों को अपनी फिल्मों में जगह देकर न केवल मनोरंजन किया, बल्कि बदलते भारत की सामाजिक और भावनात्मक तस्वीर भी पेश की।**

**डॉ. मनीष जैसल**

बॉलीवुड ने फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, कबड्डी, बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस और यहां तक कि शतरंज जैसे खेलों को भी अपनी कहानियों का हिस्सा बनाया। इन फिल्मों में खेल केवल मैच जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, राजनीति, प्रेम, राष्ट्रवाद, असमानता और मानवीय संघर्ष का प्रतीक बनकर सामने आते हैं।

फुटबॉल पर आधारित फिल्मों की बात करें तो हिंदी सिनेमा ने इस खेल को अलग-अलग रूपों में प्रस्तुत किया। सतीश कौशिक निर्देशित साहेब (1985) में अनिल कपूर का किरदार एक प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी होता है, लेकिन आर्थिक मजबूरियां उसके सपनों को कुचल देती हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के लिए वह अपनी किडनी तक बेच देता है। यह फिल्म खेल के साथ भारतीय मध्यमवर्गीय संघर्ष को जोड़ती है। प्रकाश झा की हिप हिप हुर्रे (1984) में एक आदर्शवादी स्पोर्ट्स टीचर स्कूल की कमजोर फुटबॉल टीम को नई दिशा देता है। फिल्म केवल खेल नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और युवा मनोविज्ञान को भी सामने लाती है। विवेक अग्निहोत्री की धन धना धन गोल (2007) ब्रिटेन में बसे भारतीय समुदाय और फुटबॉल के रिश्ते को दिखाती है। वहीं करण जौहर की कभी अलविदा ना कहना (2006) में शाहरुख खान एक फुटबॉल खिलाड़ी और कोच की भूमिका में दिखाई देते हैं, जहां खेल उसके अधूरे सपनों का प्रतीक बन जाता है। अंदाज अपना अपना (1994) में आमिर खान द्वारा फुटबॉल से जुड़ा हास्य दृश्य खेल को मनोरंजन के साथ जोड़ता है। हाल के वर्षों में अमित शर्मा की मैदान (2024) ने भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत किया। अजय देवगन द्वारा निभाया गया सैयद अब्दुल रहीम का किरदार यह याद दिलाता है कि भारतीय फुटबॉल कभी एशिया की सबसे मजबूत टीमों में गिना जाता था। हॉकी भारतीय गौरव और राष्ट्रवाद का प्रतीक रही है, लेकिन लंबे समय तक हिंदी फिल्मों में इसे अपेक्षित स्थान नहीं मिला। शिमित अमीन की चक दे ! इंडिया (2007) ने इस कमी को प्रभावशाली ढंग से पूरा किया। शाहरुख खान का कबीर खान भारतीय महिला हॉकी टीम का कोच बनकर न केवल खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करता है, बल्कि अपने ऊपर लगे देशद्रोह के आरोप को भी मिटाने की कोशिश करता है। फिल्म क्षेत्रीय भेदभाव, महिला खिलाड़ियों की चुनौतियों और राष्ट्रवाद को गहराई से प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त खेल खेल में (1975) में ऋषि कपूर और राकेश रोशन का हॉकी मैच हास्य और रोमांच का हिस्सा बनता है। गोलमाल (1979) में अमोल पालेकर हॉकी मैच देखने के लिए झूठ बोलते हैं, जबकि लाखों की बात (1984) में हॉकी गेंद एक हास्यपूर्ण स्थिति पैदा करती है। बाद में रीमा कागती की गोल्ड (2018) ने आज़ाद भारत के पहले ओलंपिक गोल्ड मेडल की कहानी को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत किया। एथलेटिक्स पर आधारित फिल्मों ने भारतीय खिलाड़ियों के संघर्ष को बेहद प्रभावशाली तरीके से सामने रखा। तिग्मांशु धूलिया की पान सिंह तोमर (2012) एक राष्ट्रीय स्तर के एथलीट की कहानी है, जो व्यवस्था की उपेक्षा के कारण बागी बन जाता है। यह फिल्म खेल व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती है। वहीं राकेश ओमप्रकाश मेहरा की भाग मिल्खा भाग (2013) विभाजन की त्रासदी से निकलकर 'फ्लाइंग सिख' बने मिल्खा सिंह के जीवन को प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत करती है। फिल्म यह दिखाती है कि खिलाड़ी की दौड़ केवल मैदान तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने अतीत, दर्द और असफलताओं से भी लड़ता है। बाद में रश्मि रॉकेट (2021) ने महिला खिलाड़ियों के जेंडर टेस्ट और लैंगिक भेदभाव का मुद्दा उठाया। तूफान (2021) ने खेल और सामाजिक पहचान के संघर्ष को सामने रखा। इन फिल्मों ने खेल को सामाजिक विमर्श का हिस्सा बना दिया।

बास्केटबॉल को बॉलीवुड ने मुख्यतः आधुनिकता और युवा संस्कृति के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। करण जौहर की कुछ कुछ होता है (1998) में शाहरुख खान और काजोल का बास्केटबॉल मैच कॉलेज रोमांस का सबसे चर्चित दृश्य बन जाता है। खेल यहां प्रतिस्पर्धा और आकर्षण दोनों का माध्यम है। बाद में धूम 2 (2006) में ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय बास्केटबॉल खेलते दिखाई देते हैं, जहां खेल स्टाइल और ग्लैमर का हिस्सा बन जाता है।

टेबल टेनिस का प्रयोग हिंदी फिल्मों में अक्सर हल्के-फुल्के मनोरंजन के लिए हुआ। छोटी सी बात (1975) में अमोल पालेकर टेबल टेनिस खेलते हुए आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करते हैं। वहीं मैंने प्यार किया (1989) के एक गीत में सलमान खान और भाग्यश्री टेबल टेनिस खेलते दिखाई देते हैं। यहां खेल रोमांस और युवापन का प्रतीक बन जाता है।

बिलियर्ड्स और स्नूकर जैसे खेलों को भी बॉलीवुड ने अपनी शैली में प्रस्तुत किया। तिरंगा (1993) में राजकुमार बिलियर्ड्स खेलते हुए अपने प्रभावशाली संवाद बोलते हैं। जानबाज़ (1986) में खेल रोमांटिक दृश्यों का हिस्सा बनता है, जबकि हम आपके हैं कौन (1994) में सलमान खान और माधुरी दीक्षित बिलियर्ड्स के माध्यम से एक-दूसरे के करीब आते हैं। इन फिल्मों में खेल का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि संबंधों को दिखाना था।

रग्बी और अमेरिकन फुटबॉल जैसे खेल भारत में अधिक लोकप्रिय नहीं रहे, लेकिन बॉलीवुड ने इन्हें विदेशी माहौल और ग्लैमर दिखाने के लिए इस्तेमाल किया। दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (1995) में शाहरुख खान यूरोपीय परिवेश में रग्बी खेलते दिखाई देते हैं। नमस्ते लंदन (2007) में अक्षय कुमार रग्बी के मैदान में अपने प्रतिद्वंद्वी को चुनौती देते हैं। लगान (2001) में क्रिकेट मुख्य खेल होने के बावजूद खेल रणनीति और सामूहिक संघर्ष की भावना को प्रस्तुत किया गया। वहीं न्यूयॉर्क (2009) में जॉन अब्राहम और नील नितिन मुकेश अमेरिकन खेल संस्कृति के बीच दिखाई देते हैं।

साइक्लिंग को फिल्मों में प्रेरणा और युवा ऊर्जा के प्रतीक के रूप में दिखाया गया। जो जीता वही सिकंदर (1992) में आमिर खान का साइकिल रेस जीतना केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और बदलाव की कहानी है। यह फिल्म आज भी युवाओं में बेहद लोकप्रिय है।

बॉक्सिंग पर आधारित फिल्मों ने संघर्ष और आत्मसम्मान की कहानियों को सामने रखा। बॉक्सर (1984) में मिथुन चक्रवर्ती का किरदार संघर्षरत खिलाड़ी का प्रतिनिधित्व करता है। अपने (2007) में देओल परिवार बॉक्सिंग के माध्यम से पारिवारिक सम्मान और रिश्तों को जोड़ता है। ओमंग कुमार की मैरी कॉम (2014) ने पूर्वोत्तर भारत की महान महिला बॉक्सर की कहानी को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। प्रियंका चोपड़ा का अभिनय और फिल्म का भावनात्मक पक्ष दर्शकों को गहराई से प्रभावित करता है। इसके बाद अनुराग कश्यप की मुक्काबाज़ (2018) ने खेल संघों की राजनीति और जातिगत भेदभाव को सामने रखा। बैडमिंटन को फिल्मों में लंबे समय तक मनोरंजन और रोमांस से जोड़ा गया। हमजोली (1970) में जितेंद्र और लीना चंदावरकर का बैडमिंटन मैच बेहद लोकप्रिय हुआ। फिल्म में खेल को संगीत और रोमांस के साथ जोड़ा गया। हालांकि आज बैडमिंटन भारत में पी.वी. सिंधु और साइना नेहवाल जैसी खिलाड़ियों के कारण नई पहचान बना चुका है, लेकिन हिंदी सिनेमा में इस खेल पर अभी गंभीर फिल्मों की कमी दिखाई देती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
धर्म-कर्म के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। पुराने झगड़ों के सुलझने के आसार दिख रहे हैं। आप अपने रुके हुये काम पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। नकारात्मक विचार आपके कार्य की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मार्केटिंग में सफलता मिलने में कठिनाई होगी।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में टीमवर्क का लाभ मिलेगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं। व्यवसाय को लेकर बड़ी डील करने के लिये दिन शुभ है।

**कर्क**
सिरदर्द की समस्या हो सकती है। स्वार्थी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। मानसिक रूप से आप मजबूत रहेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिये अत्यधिक शुभ है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
राजनीतिक विषयों पर आपको अनावश्यक टिप्पणी करने से बचना चाहिये। वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिये लाभकारी रहने वाली है।

**तुला**
यात्राओं से आपको धन लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी की सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**
राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में आप भाग लेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग सम्बन्धी व्यवसाय में धन लाभ मिलेगा। उधार धन आपको वापस मिल सकता है।

**धनु**
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। पिता की सलाह लेने से आपको अत्यधिक लाभ मिलेगा। आय के नये स्रोत बन सकते हैं। धैर्यपूर्वक आप अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगे।

**मकर**
अपने व्यवहार को संयमित रखें। जीवनसाथी के साथ नोक-झोंक हो सकती है। छोटी सी बात को लेकर परेशानी होगी। छात्रों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कुंभ**
कानूनी मामलों में विजय मिलेगी। अपने कार्य के प्रति समर्पित रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिये दिन जबरदस्त है। समाज में उच्च पद प्राप्त होगा।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों की सहायता मिलेगी। कर्ज लेने के लिये आप प्रयास कर सकते हैं। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। भावनात्मक रूप से आप मजबूत रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के आरोपित में युवक की पिटाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दीघवा गांव में बुधवार की सुबह करीब 3 बजे ग्रामीणों ने चोरी के आरोप में एक युवक की पिटाई कर दी। घायल युवक की पहचान गोलू कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता जोगेंद्र साव, ग्राम दीघवा, थाना मसौढ़ी, के रूप में हुई है। दरअसल बताया जा रहा है कि दीघवां गांव में एक युवक दो घरों के बीच आसपास मंडरा रहा था और घुसने का प्रयास कर रहा था उसी दौरान गांव के कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी और चोर चोर हल्ला कर उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी।



सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घायल गोलू कुमार को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, मसौढ़ी भेजा है। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों ने युवक पर चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की थी। मामले की जांच की जा रही है। युवक वाकई घटना में शामिल था या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस ने लोगों से कानून हाथ में न लेने की अपील की है।

### मसौढ़ी में समर कैंप पर इएएड की बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रीष्मावकाश में बच्चों की बुनियादी साक्षरता बढ़ाने के लिए शुरू हो रहे समर कैंप को लेकर मसौढ़ी में इएएड की अध्यक्षता में बैठक हुई। कैंप का संचालन केवल मध्य विद्यालय स्तर पर होगा। प्रत्येक प्रधानाध्यापक 2-3 स्वयंसेवकों का चयन करेंगे, जिन्हें संकुल समन्वयक प्रशिक्षण देंगे। स्वयंसेवकों को धाराप्रवाह न पढ़ पाने वाले 10 से 15 बच्चों की सूची दी जाएगी। कैंप रोज सुबह 7 से 9 बजे तक डेढ़ घंटे चलेगा, जहां भाषा और गणित की गतिविधियां होंगी। व्हाट्सएप से मिलने वाले डिजिटल कंटेंट भी बच्चों तक पहुंचाए जाएंगे। बच्चों का बेसलाइन डेटा पोर्टल पर अपलोड होगा। इएएड ने प्रधानाध्यापकों को रटउ और अभिभावकों के साथ बैठक कर कैंप की जानकारी देने का निर्देश दिया। शिक्षा सेवक और तालिमी मरकज समुदाय के बच्चों को कैंप से जोड़ेंगे। विभाग ने सभी से कैंप को सफल बनाने की अपील की है।

### अनिता कुमारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्वास्थ्य समिति, पटना ने मसौढ़ी की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनिता कुमारी को स्वास्थ्य प्रक्षेत्र के तहत श्रवण श्रुति कार्यक्रम में वर्ष 2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र में उनके कार्यों की सराहना की गई है। समिति ने अनिता कुमारी के उज्वल भविष्य की कामना की है।प्रशस्ति पत्र पर सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, पटना डॉ. योगेंद्र प्रसाद मंडल और जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने शुभकामना दी है। गौरतलब है की श्रवण श्रुति कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उऊढड अनिता कुमारी की भूमिका अहम रही। उनके नेतृत्व में मसौढ़ी में कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन हुआ।



### भीषण गर्मी में राहत: मसौढ़ी में नगर परिषद ने शुरू की चलंत शीतल जल सेवा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए नगर परिषद प्रशासन ने शहरवासियों और राहगीरों के लिए चलंत शीतल जल की व्यवस्था शुरू की है। ई-रिक्शा के माध्यम से शहर के सभी चौक-चौराहों पर घूम-घूम कर लोगों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि मसौढ़ी शहर में कुल 8 स्थानों पर प्याऊ केंद्र की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा चलंत शीतल जल सेवा भी शुरू की गई है। यह मोबाइल वाटर वैन प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहों पर जाकर राहगीरों और स्थानीय लोगों की प्यास बुझा रही है।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आम लोगों को राहत पहुंचाना नगर परिषद की प्राथमिकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि धूप में निकलते समय सावधानी बरतें और शीतल जल सेवा का लाभ उठाएं।



### पालीगंज में निकाला गया फ्लैग मार्च

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बकरीद की पूर्व संध्या पर पालीगंज नगर बाजार में प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1राजीव चंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, थानाध्यक्ष सुमन कुमार, पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान शामिल हुए। मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम करना है।



### चालक से लूट मामले में 4 गिरफ्तार

**स्विफ्ट डिजायर कार को भाड़े पर बुक कर लूटने की घटना विफल**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना पुलिस ने चालक से लूट की घटना का 15 दिन में उद्भेदन करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 3 मुख्य आरोपी और 1 लाइनर शामिल है। पुलिस ने लूटे गए 1000 रुपये, 5 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड और वाहन को भी जब्त कर लिया है। बिते 10.05.26 को पुनपुन थानांतर्गत तीन अपराधियों ने एक स्विफ्ट डिजायर कार को भाड़े पर बुक किया था। रास्ते में अपराधियों ने चालक का मोबाइल और 1000 रुपये लूट लिए। हालांकि वे वाहन लूटने में असफल रहे।मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, पटना के निर्देश पर कांड के त्वरित उद्भेदन के लिए विशेष टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मानवीय अनुसंधान के आधार पर चारों अभियुक्तों को धर दबोचा।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में इस्तेमाल सिम कार्ड, वाहन बुक करने वाला मोबाइल सिम, लूटे गए मोबाइल का सिम, 5 अन्य मोबाइल और लूट के 1000 रुपये बरामद हुए हैं। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चालक की सूझबूझ से अपराधी वाहन ले जाने में असफल रहे। पुलिस टीम ने तेजी से काम करते हुए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच जारी है।



# पुलिस अपराधी मुठभेड़ : कुख्यात का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली, दूसरा अपराधी गिरफ्तार

**चरमा मोड़ पर सुबह 4 बजे पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में अजय पासवान घायल; पिस्टल-कट्टा बरामद**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के चरमा मोड़ के पास बुधवार सुबह करीब 4 बजे पुलिस मुठभेड़ में अंतरराज्यीय कुख्यात अपराधी अजय पासवान को पैर में गोली लगी है। वहीं उसके साथी अजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर हत्या, लूट और डकैती के कई मामले दर्ज हैं। और यह बीते 6 महीने में दूसरा पुलिस मुठभेड़ में एनकाउंटर की घटना हुई है।दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों अपराधी बाइक से बड़ी लूट की रेकी कर मसौढ़ी में वारदात को अंजाम देने वाले हैं। चरमा मोड़ के पास घेराबंदी कर पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक राउंड फायरिंग की जिसमें अजय पासवान के पैर में गोली लग गई।तलाशी में आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली और दो खोखा बरामद हुआ है। घायल अजय पासवान को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पूर्वी सिटीएसपी परिचय कुमार ने बताया कि घायल अजय पासवान, पिता स्व. रामप्रवेश पासवान, दरवेशपुर मनेर का रहने वाला है। उस पर 8 डकैती के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अजय यादव, पिता अभिमन्यु यादव, औरंगाबाद के दरवा उपहरा का निवासी है और उस पर 20 आपराधिक केस हैं। अजय पासवान हाल में पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र में उटर कैश वैन से 27 लाख की लूट में भी शामिल रहा है। दोनों बैंक डकैती, ज्वेलरी शॉप लूट, रंगदारी और हत्या जैसी वारदातों में संलिप्त हैं। घटना की सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मुठभेड़ का नेतृत्व डीएसपी-2 कन्हैया कुमार कर रहे थे। टीम में मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती और राहुल कुमार शामिल रहे। ऋछ की टीम भी पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

**मसौढ़ी बाजार में 2 दिन पहले रेकी कर आभूषण लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने की थी तैयारी**

## पुलिस अवर निरीक्षक के 1799 पदों के लिए हुई परीक्षा में 35857 अभ्यर्थी शामिल

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा बुधवार को पुलिस अवर निरीक्षक के 1799 पद पर नियुक्ति हेतु मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गयी।आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी किरण कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में 35857 अभ्यर्थी शामिल हुए।। लिखित परीक्षा के लिए राज्य के पांच जिले क्रमशः पटना, गया, दरभंगा, भागलपुर एवं पूर्णियां में कुल-59 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दो पालियों में आयोजित करायी गयी। स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर जैमर का अधिष्ठापन , सीसीटीवी सर्विलांस, परीक्षा केन्द्र पर हॉट लाईन फोन, प्रवेश गेट पर अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, परीक्षा के समय अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट, परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी तथा परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी करायी गयी। अभ्यर्थियों की जांच के लिए ए आई का भी प्रयोग किया गया तथा संदिग्धों को चिन्हित किया गया। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 95 प्रतिशत रहा। स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा कराने में केन्द्राधीक्षकों, प्रशासन एवं पुलिस तथा अभ्यर्थियों का पूर्ण सहयोग रहा। फलतः परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, कदाचाररहित एवं स्वच्छता के साथ सम्पन्न हुई।

## धनरुआ में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, अवैध हथियार बनाते 3 गिरफ्तार

**कुशवन गांव में अलंग पर झोपड़ी में चल रहा था कारोबार; राइफल, कट्टा और हथियार बनाने के 29 तरह के औजार बरामद**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के कुशवन गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार बनाने की मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से हथियार बनाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस को सूचना मिली थी कि कुशवन के पास भूमन चिमनी भट्ठा के सामने अलंग पर झोपड़ीनुमा ढांचे में अवैध हथियार बनाकर खरीद-बिक्री की जा रही है। वरीय पदाधिकारी को सूचना देकर टीम गठित की गई। छापेमारी में झोपड़ी से मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी गई। मौके पर तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है जिसमें शरण विश्वकर्मा, 60 वर्ष, पिता स्व. रामप्रीत विश्वकर्मा, निवासी पभेड़ा,उमेश पासवान, 40 वर्ष, पिता स्व. रामदेव पासवान, निवासी कुशवन बबुआनंद पासवान 60 वर्ष, पिता स्व. रामदेव पासवान, निवासी कुशवन तीनों थाना धनरुआ के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से केस दर्ज हैं। धनरुआ थाना कांड सं. 161/16 व 04/14 आर्म्स एक्ट व उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से एक देशी राइफल, एक लोहे का बना देशी कट्टा, चार अर्धनिर्मित कट्टा, मिस फायर गोली, दो खोखा, वात्या भट्ठी, इलेक्ट्रिक हैंड ग्राइंडर मशीन, 22 रेती, हेक्सा ब्लेड, 4 हथौड़ी, छेनी, सुम्मा, ट्रिगर गार्ड, रिवॉल्वर का बॉडी कवर, 30 लोहे व 21 सीसा के कंचे, ड्रिल बीट, चुंबक समेत हथियार बनाने के 29 तरह के उपकरण बरामद किए हैं। एक नोकिया कीपैड मोबाइल भी मिला है। थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पु.अ.नि. अंकित कुमार, नवीन कुमार, राजेश रौशन, प्रियंका कुमारी, परि.पु.अ.नि. कुमार राहुलम, सिपाही शहाबुद्दीन अंसारी, नीतीश कुमार, दीपक राम व सुजीत कुमार शामिल रहे।पुलिस ने तीनों के खिलाफ कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इलाके में हथियारों की सप्लाई चेन खंगाली जा रही है।

## शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास ही सफलता की पहचान : प्रो. शांडिल्य



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग में स्नातकोत्तर सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल तथा सत्र 2025-27 के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उत्साहपूर्ण वातावरण बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए टी.पी.एस. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा और अंक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार और जीवन के उद्देश्य को समझने का महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा विदा हो रहे छात्रों से महाविद्यालय और समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार ने कहा कि फ्रेशर एवं फेयरवेल जैसे आयोजन विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता, सहयोग और पारिवारिक वातावरण को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. रवि प्रभाकर ,डॉ. उमेश कुमार एवम मीडिया समन्वयक डॉ. मुकुंद कुमार ने अपने विचार रखे। समारोह के दौरान निशा भारती को मिस फ्रेशर तथा आयुष रंजन को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। वहीं रागिनी कुमारी को मिस फेयरवेल एवं मृत्युंजय कुमार को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया।

### जनगणना 2027 का पहला चरण अंतिम दौर में,प्रशासन ने छूटे परिवारों से की अपील

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना 2027 के पहले चरण यानी मकान सूचीकरण और आवासों की गणना का कार्य अब अंतिम चरण में है। प्रशासन ने अपील की है कि यदि कोई परिवार या व्यक्ति गणना से छूट गया है तो तुरंत प्रगणकों, स्थानीय प्रशासन या अपने प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर नाम दर्ज कराएं। मसौढी,धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड में यह कार्य 2 मई से लगातार जारी है। प्रतिनियुक्त प्रगणक अपने आवंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर गृहस्वामियों एवं परिवार के मुखिया से 34 बिंदुओं पर जानकारी ले रहे हैं। सभी सूचनाएं ल्छछड ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड की जा रही हैं। चार्ज अधिकारी, अपने प्रखंड में नियमित रूप से कार्य का अनुश्रवण कर रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहले चरण में कोई भी भवन या मकान सूचीकरण से वंचित न रह जाए।

## बीएमडब्लू वेंचर्स लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 के वित्तीय परिणामों की घोषणा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी एम डब्लू वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन्स, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति पर 12 माह की अवधि के लिए अपने अंकेषित (ऑडिटेड) वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड विजय कुमार किशोरपुरिया (चेयरमैन & कार्यकारी निदेशक) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते ही बताया कि राजस्व वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का कुल राजस्व ₹2,278.23 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह ₹2,062.03 करोड़ था। इस प्रकार कंपनी ने ₹216.20 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष-दर-वर्ष 10.48% की बढ़ोतरी को दशार्ता है। कंपनी का कर पूर्व लाभ वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹49.92 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह ₹44.61 करोड़ था। इस प्रकार पी बी टी में ₹5.31 करोड़ अर्थात 11.90% की वृद्धि दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹37.48 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष ₹32.82 करोड़ था। इस प्रकार पी ए टी में ₹4.66 करोड़ अर्थात 14.20% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी की फीक्रिकेशन यूनिट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस अवधि में यूनिट से ₹29.18 करोड़ का व्यवसाय हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह ₹13.32 करोड़ था। इस प्रकार यूनिट ने ₹15.84 करोड़ अर्थात 118.91% की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। इसके अतिरिक्त, आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए फीक्रिकेशन यूनिट को पहले ही ₹63.00 करोड़ से अधिक के फॉरवर्ड प्राप्त हो चुके हैं, जो कंपनी के फीक्रिकेशन यूनिट के भविष्य के विकास को और अधिक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर क्व 3 (वित्त वर्ष-2025-26) में ₹1.50 प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश दिया है। यह लाभांश लाभ, वैधानिक एवं नियामकीय प्रावधानों के अधीन है।

## पुनपुन उप डाकघर को मिला नया भवन, आधार सेवा शुरू; ग्रामीणों को अब पटना नहीं जाना पड़ेगा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन उप डाकघर का अब अपना भवन हो गया है, नए भवन का लोकार्पण बुधवार को महेश्वरी मार्केट, ब्लॉक रोड स्थित पुनपुन व्यापार मंडल समिति के सामने, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के समीप किया गया।दरअसल पुनपुन उप डाकघर पूर्व में शिवनगर, सकरैचा पंचायत में संचालित था। मुख्य बाजार व आबादी से दूर होने के कारण लोगों को डाक सेवाओं के लिए परेशानी होती थी। नए भवन के शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी और उत्साह है। नए डाकघर में अब आधार सेवा भी शुरू हो गई है। 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों का नया आधार नामांकन निःशुल्क किया जा रहा है। मोबाइल अपडेट, बायोमेट्रिक अपडेट, फोटो व अन्य सुधार UIDAI के निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध हैं। इससे अब लोगों को पटना जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।इस मौके पर डाक अधीक्षक, पटना साहिब मंडल, अनिल कुमार ने पुनपुन उप डाकघर के अंतर्गत आने वाले 19 शाखा डाकघरों से संवाद कर कार्यों की समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि "डाक सेवा जन सेवा" के तहत ग्राहकों को त्वरित, पारदर्शी व सुगम सेवाएं दी जा रही हैं। अनिल कुमार ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक जीवन बीमा, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, आवर्ती जमा, सावधि जमा जैसी सभी जन-कल्याणकारी योजनाएं अब एक ही जगह उपलब्ध हैं। विभाग आधुनिक तकनीक से सेवाओं को और सुलभ बना रहा है।निरीक्षक डाकघर लोहिया नगर अनुमंडल विमल दीप कुमार ने ग्रामीणों को डाकघर की योजनाओं में निवेश के लिए प्रेरित किया।

### वीपीएल सीजन-2: चकिया बेहरावां मुसहरी टीम बनी चैंपियन, शोरमपुर को 33 रन से हराया

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन राजघाट नवादा में आयोजित वीपीएल सीजन-2 क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल में चकिया बेहरावाँ मुसहरी टीम ने शोरमपुर को 33 रन से हराकर चमचमाती ट्रॉफी जीती। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 5 हजार और उपविजेता को 2500 रुपये नकद दिए गए। जयमंगल मांझी मैन ऑफ द मैच व सीरीज चुने गए।

### 29 जगहों पर नमाज; 41 स्थानों पर दंडाधिकारी-पुलिस तैनात

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद पर्व को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। ऐसे में बकरीद पर्व की पूर्व संध्या मसौढी शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च का आयोजन किया, जहां मसौढी थाना से निकलकर गांधी मैदान होते हुए रहमतगंज, स्टेशन रोड, तारेगना डीह, कैलूचक, मालिकाना, पुरानी बाजार ,संगत पर श्रीनगर, कश्मीरगंज समेत विभिन्न मोहल्ले में पुलिस सायरन बजाकर बकरीद पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण के साथ मनाने की अपील की है इसके अलावा असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी भी देते नजर आए हैं थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि बकरीद पर्व पर अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी बहरहाल पर्व संपन्न कराने के लिए 41 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## कृषि अनुसंधान परिसर पटना में आईओटी-सक्षम मृदा निगरानी प्रणाली का उद्घाटन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने बीआईटी मेसरा के सहयोग से एक स्वदेशी IoT आधारित मृदा निगरानी प्रणाली विकसित की है, जिसका उद्घाटन 27 मई 2026 को किया गया। यह पहल स्मार्ट एवं जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र में जल प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अनियमित वर्षा, भूजल स्तर में गिरावट, सिंचाई की बढ़ती लागत तथा जल के असंतुलित उपयोग जैसी प्रमुख कृषि चुनौतियों को ध्यान में रखकर विकसित की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत लोरा वैन तकनीक आधारित मृदा नमी निगरानी प्रणाली विकसित की गई है, जो खेत से वास्तविक समय में मृदा नमी संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराती है। इससे किसानों को आवश्यकता के अनुसार सिंचाई करने में सहायता मिलेगी, जिससे जल की बचत, ऊर्जा लागत में कमी तथा सिंचाई दक्षता में वृद्धि होगी। संस्थान के निदेशक डॉ अनुप दास ने इस पहल को 'स्मार्ट फार्म' की दिशा में एक महत्वपूर्ण और समयोचित कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ कृषि उत्पादन प्रणाली को अधिक टिकाऊ, आधुनिक और संसाधन-कुशल बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रभागाध्यक्ष, भूमि एवं जल प्रबंधन ने बताया कि यह प्रणाली मृदा नमी की वास्तविक समय में निगरानी करने में सक्षम है, जिससे सिंचाई केवल आवश्यकता पड़ने पर ही की जा सकेगी। यह पहल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं बी आई टी मेसरा, पटना परिसर के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विकसित की गई है। वर्तमान में विकसित प्रणाली का फील्ड स्तर पर परीक्षण, कैलिब्रेशन एवं प्रदर्शन मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि इसकी सटीकता, विश्वसनीयता तथा किसानों के बीच व्यापक उपयोग की संभावनाओं का आकलन किया जा सके। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें वैज्ञानिक, कर्मचारी तथा आईएआरआई पटना हब के छात्र शामिल थे। इस अवसर पर दो हिंदी पुस्तकों-'कृषि में IoT : आधुनिक कृषि की तरफ बढ़ते कदम' तथा 'किसानों के लिए ड्रोन संचालन मार्गदर्शिका'-का भी विमोचन किया गया। यह पहल जलवायु-सहिष्णु एवं सतत कृषि विकास को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है तथा पूर्वी भारत में स्मार्ट सिंचाई, कुशल जल प्रबंधन और टिकाऊ कृषि को नई दिशा प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रेड लाइट एरिया से दो नाबालिग लड़कियां रेस्क्यू, एक महिला हिरासत में

**फारबिसगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फारबिसगंज पुलिस ने मानव तस्करी और देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रेड लाइट एरिया में छापेमारी कर दो नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया है। वहीं धंधा करवाने के आरोप में एक महिला को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने रूटीन जांच एवं गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान मौके से कुल तीन महिलाओं को सुरक्षित निकाला गया, जिनमें दो लड़कियां नाबालिग बताई जा रही हैं। डीएसपी राजकिशोर कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। जांच के दौरान सूचना मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़कियों को रेस्क्यू किया। वहीं फारबिसगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हिरासत में ली गई महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस धंधे में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस द्वारा रेस्क्यू की गई लड़कियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत संरक्षण में भेजने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

### 393 लीटर विदेशी शराब व बीयर बरामद

**अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वीआईपी टोयोटा कार से करीब 3 लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब और बियर की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो अंतर-जिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड के पास घेराबंदी की गई। भोर में संदिग्ध टोयोटा कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें डिक्की, सीटों के नीचे बने तहखाने और गुप्त केबिन से कुल 393.435 लीटर अवैध शराब व बियर बरामद हुई। बरामद खेप में 7 कार्टून बियर और 22 कार्टून विदेशी शराब के अलावा 38 बोतलें शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पैकटोला निवासी सुनील कुमार और डब्लू ठाकुर के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि शराब की खेप रवि सिंह द्वारा लोड कराई गई थी, जिसे सिरिसिया गांव पहुंचाया जाना था। पुलिस ने नगर थाना कांड संख्या 279/26 दर्ज कर मुख्य सरगना रवि सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अजय कापरी दूसरी बार बने रालोमो के प्रखंड अध्यक्ष

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रोहित क्लासेस एण्ड लाइब्रेरी के सभागार में आज बुधवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड इकाई चांदन का चुनाव प्रक्रिया पुर्ण होने के बाद निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने सर्वसम्मति से अजय कापरी को निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।अजय कापरी दुसरी बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया। उनके निर्विरोध चुने जाने की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।तथा समर्थकों ने एक-दूसरे दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद मनोज कुमार पांडेय ने अजय कापरी को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।अजय कापरी ने कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।इस अवसर पर शंकर मांझी, शैलेन्द्र कुमार, नुनेश्वर चौधरी, बीरेंद्र कुमार प्रमाणिक, बाबूलाल चौधरी, मुरारी महतो, जयकुमार चौधरी दुखन मांझी, गोकुल चौधरी, जयप्रकाश कुशवाहा, रामचन्द्र मांझी , रोहित कुमार, रविन्द्र कुमार महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



### बकरीद को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**चांदन(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद त्यौहार को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।इसको लेकर आनंदपुर पुलिस द्वारा आज बुधवार को भैरोगंज बाजार सहित कई अन्य गांवों में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से भाईचारा, अमन शांति, संयम के साथ दुआ करने की अपील की। थाना अध्यक्ष विनोद कुमार द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र में कई ईदगाह है। सभी ईदगाह पर पुलिस की तैनाती रहेगी।पुलिस गश्ती द्वारा क्षेत्र का भ्रमण की जाएगी।अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी । सोशल मिडिया प्लेट फार्म व्हाट्सएप ,फेसबुक ,ट्विटर ,इंस्टाग्राम सभी पर नजर रखा जा रहा है।



### मोकामा रेलवे स्टेशन पर बीमार युवक की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल के मोकामा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार-बुधवार की रात एक दर्दनाक घटना घटी। कटिहार जिले के एक 20 वर्षीय बीमार युवक की प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर अचानक मौत हो गई। युवक की मौत से स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। मृतक की पहचान कटिहार जिले के बरारी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी मोहम्मद शहबाज (20) के रूप में हुई है। मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के अनुसार, मंगलवार रात करीब 2 बजे शहबाज अपनी मां के साथ पटना से इलाज कराकर मोकामा स्टेशन पहुंचा था। वह यहां से कटिहार जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और प्लेटफॉर्म पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शहबाज काफी समय से हेपेटाइटिस से पीड़ित था। वह बिहार से बाहर रहकर मजदूरी करता था। बीमार पड़ने पर कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था। स्वजन उसे इलाज के लिए पटना ले गए थे। इलाज के बाद वह मां के साथ गांव लौट रहा था, लेकिन रास्ते में ही मोकामा स्टेशन पर उसकी जान चली गई।

### चुने गये सभी सदस्यों को उद्योगपति ने दी बधाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा युवा नेता एवं उद्योगपति समाजसेवी यमुना सीकरीया के द्वारा मोतिहारी नगर निगम की सशक्त समिति में चुने गए सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी है तथा वार्ड पार्षद धीरज जायसवाल के सदस्य चुने जाने पर अंग वस्त्र से उनका स्वागत किया है। मौके पर गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### बालिका स्वच्छता सप्ताह पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**चकिया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवबिहार टाइम्स संवाददाता।बालिकाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता को केंद्र में रखते हुए सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जाहिंगरा में विभागीय निदेर्शानुसार बालिका स्वच्छता सप्ताह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को माहवारी स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान नोडल शिक्षिकाएं नेहा कुमारी, नीतू कुमारी एवं रेणु कुमारी ने छात्राओं को माहवारी एवं व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़ी वैज्ञानिक और सामाजिक जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह स्वच्छता का ध्यान रखना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही छात्राओं को संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए चना, गुड़, फल और हरी सब्जियों के सेवन पर विशेष बल दिया गया। वहीं वरीय शिक्षिकाएं शोभा कुमारी और मीरा कुमारी ने छात्राओं से खुलकर संवाद करते हुए कहा कि माहवारी से जुड़े विषयों पर झिझक या शर्म बीमारी और मानसिक परेशानी का कारण बन सकती है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी समस्याएं अपनी नोडल शिक्षिकाओं, मां या बहनों के साथ साझा करें, ताकि समय पर उचित मार्गदर्शन और समाधान मिल सके। बालिका स्वच्छता सप्ताह की थीम पर नवम एवं दशम वर्ग की छात्राओं ने सुंदर पेंटिंग बनाकर अपनी जागरूक सोच और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन को प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने सराहना कर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर शिक्षक शकील अहमद अंसारी, चंदन चौधरी, राजकिशोर, कुंदन कुमार, हर्ष कुमार एवं तनुजा कुमारी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### बकरीद पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईदुल अजहा (बकरीद ) पर्व को लेकर ला एंड ऑर्डर बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार की संध्या थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व डीएसपी संतोष कुमार ने की। इस दौरान डीएसपी ने पर्व शांतिपूर्ण एंव सौहार्द के माहौल में मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, व धीरज कुमार थानाध्यक्ष धर्म प्रकाश एस आई गौरव कुमार एंव एएसआई सहित सशस्त्र बल के बाइकर्स व जवान शामिल थे।

# दानापुर मंडल के स्टेशनों पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान

## जलवायु परिवर्तन विषय पर रेलवे स्कूल, खगौल में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया

**खगौल दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल दानापुर मंडल में 15 मई से शुरू होकर 05 जून 2026 तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत दानापुर मंडल द्वारा आज दिनांक 27.05.2026 को मंडल के विभिन्न महत्त्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, मोकामा एवं राजेंद्रनगर टर्मिनल आदि पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित आवरण में वृद्धि करना तथा आमजन एवं रेल यात्रियों के बीच प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्टेशन परिसरों, कॉलोनियों एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता की




आवश्यकता पर बल दिया। सभी उपस्थित कर्मियों द्वारा पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर ही दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच 'जलवायु परिवर्तन' विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने विचारों एवं कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, दानापुर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है तथा इसके प्रभाव को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल एवं ऊर्जा संरक्षण करने तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।

खगौल दानापुर मंडल में 15 मई से शुरू होकर 05 जून 2026 तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत दानापुर मंडल द्वारा आज दिनांक 27.05.2026 को मंडल के विभिन्न महत्त्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, मोकामा एवं राजेंद्रनगर टर्मिनल आदि पर ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व कार्यक्रम के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित आवरण में वृद्धि करना तथा आमजन एवं रेल यात्रियों के बीच प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्टेशन परिसरों, कॉलोनियों एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। सभी उपस्थित कर्मियों द्वारा पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर ही दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच 'जलवायु परिवर्तन' विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने विचारों एवं कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, दानापुर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है तथा इसके प्रभाव को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल एवं ऊर्जा संरक्षण करने तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।

# मां के सम्मान में स्टेशन परिसर में किया गया पौधारोपण

## पर्यावरण दिवस के पूर्व स्टेशन परिसर में किया गया पौधारोपण

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेशनों और सार्वजनिक स्थलों पर 'एक पेड़ मां के समान' (या 'एक पेड़ मां के नाम') अभियान के तहत लगाया गया। पौधा यह संदेश देता है कि जिस प्रकार एक माँ हमें जीवनभर बिना स्वार्थ के पालती-पोषती है और सुरक्षा देती है, उसी तरह प्रकृति और पेड़ हमें जीवन, शुद्ध हवा और पोषण प्रदान करते है। यह पहल हमें अपनी माँ के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का अहसास भी कराती है। जमालपुर स्टेशन परिसर में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार एवं सीएचआई पंकज कुमार ने पौधारोपण करते हुए कहां की जैसे माँ हमसे कुछ नहीं मांगती और हमेशा देती है, वैसे ही पेड़ भी हमें छाया,फल और जीवनदायी ऑक्सीजन देते हैं।माँ के नाम पर लगाया गया पौधा उनके प्रति हमारे प्रेम और सम्मान की एक जीवित विरासत है।इस भावनात्मक जुड़ाव के जरिए लोग पौधों की बेहतर देखभाल करते हैं।जिससे




पर्यावरण को हरा-भरा रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा देने में मदद मिलती है। स्टेशन प्रबंधक ने यह भी कहा यह पहल हमें याद दिलाती है कि प्रकृति ही हमारी 'धरती मां' है, जिसका संरक्षण करना हम सबों का कर्तव्य बनता है। मौके पर रिंकू सिंह,अमित कुमार, रजनीकांत, मनोज कुमार सहित कई मौजूद है।

### गर्मी छुट्टियां शुरू होते ही ट्रेनों में बढ़ी भीड़ से यात्री परेशान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी के बीच जैसे ही गैर सरकारी विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हुई, वैसे ही जमालपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ने लगी है। सैर-सपाटा और रिश्तेदारों के यहां जाने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएं और परिवार स्टेशन पहुंच रहे हैं। लेकिन यात्रियों की बढ़ती भीड़ के बीच ट्रेनों की लेटलतीफी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। एक्सप्रेस से लेकर इंटरसिटी और पैसेंजर ट्रेनों तक घंटों विलंब से चलने के कारण यात्री स्टेशन पर हलकान नजर आए।स्टेशन का नजारा किसी मेले जैसा दिखा। प्लेटफार्मों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। ट्रेन पकड़ने के लिए लोग घंटों इंतजार करते रहे। कई यात्री फर्श पर बैठकर समय काटते दिखे तो कई बार-बार पूछताछ काउंटर और मोबाइल ऐप के जरिए ट्रेन की स्थिति जानने में जुटे रहे।

### 193 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार मुख्य कारोबारी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब , बाइक व नकदी जब्त

**पलासी/अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलासी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 193 ग्राम स्मैक, नकदी, मोबाइल और एक बाइक के साथ दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार देर रात थाना क्षेत्र के पोठिया वार्ड संख्या-05 में की गई। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल यादव अपने घर में स्मैक रखकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने रात करीब 9:10 बजे राहुल यादव के घर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान एक व्यक्ति पीछे के रास्ते से भागने में सफल रहा, जबकि एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम आफाक उर्फ आफाक आलम (35 वर्ष) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन और 3100 रुपये नकद बरामद किए गए। इसके बाद घर की तलाशी लेने पर एक बेड के नीचे रखे पॉलीथिन पैकेट में 12 छोटे पैकेट मिले, जिनमें कुल 193 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तराजू, स्मैक पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली सामग्री तथा 41,500 रुपये नकद भी जब्त किए गए। घर के बाहर खड़ी एक अपाची मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस ने फरार स्मैक कारोबारी राहुल कुमार यादव (26 वर्ष) एवं आफाक उर्फ आफाक आलम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है । आफाक आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई है।

# सदर अस्पताल में चल रहे डायलिसिस सेंटर के कार्यों की डीएम ने की सराहना

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदर अस्पताल में चल रहे डायलासिस सेंटर के कार्या की जहां जिलाधिकारी ने सराहना की वहीं दवा की उपलब्धता पर मुंगेर जिला के राज्य स्तर में प्रथम से दूसरे स्थान पर आने पर असंतोष व्यक्त करते हुए उसे पुनः पहले पायदान पर रहने हेतु निदेशित किया गया। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई तथा आवश्यक निदेश दिए गए।मौके पर मौके पर सिविल सर्जन डा. राजू,जिला कार्यक्रम प्रबंधक फैजान आलम सहित अन्य उपस्थित थे।समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने एचपीभी वैक्सिन (गाडासिल्ड) लक्ष्य के अनुरूप कम उपलब्धि पर निदेश देते हुए उपलब्धि को बढ़ाने के लिए बच्चियों एवं लोगों के बीच वैक्सिन लगाने के फायदे एवं ससमय नहीं लगाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराने की बात कही गयी, जिससे एचपीपी वैक्सिनेशन में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सख्त निदेश देते हुए प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत टेलिमेडिसिन का कार्य पूर्ण किए जाने की बात। टेलिमेडिसिन में जितने भी चिकित्सक रजिस्टरर्ड हैं सभी को टेलिमेडिसिन करने का निर्देश दिया गया। एसएनसीयू में चिकित्सकों की कमी को दुर कर मृत्यु दर को कम करने के निदेश दिए गए। हवेली खड़गपुर अनुमंडलीय अस्पताल में सी-सेक्शन के प्रारंभ होने पर जिलाधिकारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस व्यवस्था को जारी रखें तथा स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक इसका लाभ मिले इसका ध्यान रखें। उन्होंने माह में कम से कम 10 सी-सेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निदेश दिए। डीपीएम ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार अनुमंडली अस्पताल हवेली खड़गपुर में सी-सेक्शन प्रारंभ हुआ है, जिससे निश्चित रूप से स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावे जिलाधिकारी द्वारा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी।



### लॉटरी से तय हुई जीत, रक्सौल नगर परिषद चुनाव में दिखा जबरदस्त रोमांच

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद रक्सौल में बुधवार को 'सशक्त स्थायी समिति' के गठन को लेकर हुए चुनाव में काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कांटे की टक्कर वाले इस चुनाव में दो सीटों का फैसला बराबरी के वोट के बाद लॉटरी के जरिए करना पड़ा। चुनाव परिणाम सामने आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजेताओं को बधाइयों का दौर शुरू हो गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुए चुनाव की निगरानी निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम मनीष कुमार ने की। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी कराई गई। कुल तीन पदों के लिए मतदान हुआ, जिसमें कई प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले परिणाम में रंजीत कुमार श्रीवास्तव और नीलाक्षी श्रीवास्तव को समान 12-12 मत मिले।

### बकरीद को लेकर हरैया थाना में शांति समिति की बैठक

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आज बुधवार को हरैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष किशन पासवान ने की। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

# मोकामा में आंधी-बारिश का कहर: 10 घंटे जाम रहा एनएच-31, बिजली व्यवस्था ठप

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार देर रात मोकामा प्रखंड में आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब 10 घंटे तक एन एच-31 पूरी तरह जाम रहा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।तेज हवा के कारण बरहपुर के पास एन एच-31 पर एक विशाल ताड़ का पेड़ गिर गया। पेड़ के साथ कई बिजली के पोल भी टूटकर सड़क पर आ गिरे। इससे हाइवे के दोनों तरफ वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय प्रशासन और वन्य विभाग की टीम ने करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद सड़क को खाली कराया।आंधी से प्रखंड के कई इलाकों में बिजली के तार और पोल क्षतिग्रस्त हो गए।



पचमहला, छतरपुरा और हाथीदह में भी पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। मोकामा बिजली विभाग के एसडीओ प्रभात कुमार सिंह ने बताया, "तेज आंधी से विभाग को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि कर्मियों की तत्परता से अधिकांश जगहों पर बिजली सेवा बहाल कर दी गई है।"औंटा रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित फुट ओवरब्रिज की छत पर लगे करकट तेज हवा में उड़कर रेलवे ट्रैक पर जा गिरे। गनीमत रही कि इस दौरान कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। रेलवे कर्मियों ने तुरंत ट्रैक को साफ कर परिचालन सामान्य किया।

# जनगणना कार्य की गुणवत्ता जांच को लेकर प्रगणकों-पर्यवेक्षकों की बैठक

## आठ समूहों में बांटकर एच एल ओ ऐप के डाटा की हुई जांच

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचिकरण एवं मकान गणना कार्य की गुणवत्ता जांच को लेकर बुधवार को महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जनगणना कार्य में डाटा की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। बैठक में सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आठ समूहों में विभाजित कर अलग-अलग कमरों में बैठने की व्यवस्था की गई। प्रत्येक समूह के साथ संबंधित पर्यवेक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित कराई गई तथा हर समूह के लिए फील्ड ट्रेनर एवं नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। बैठक के दौरान फील्ड ट्रेनरों एवं पदाधिकारियों ने एचएलओ ऐप के माध्यम से प्रश्न संख्या 17 से 24 तक दर्ज आंकड़ों की बारीकी से जांच की। इस दौरान डेटा की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं त्रुटियों को दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने प्रगणकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने पर विशेष जोर दिया। ज्ञात हो कि बीते दिनों चार्ज अधिकारी सह बीडीओ डॉ. संजय कुमार एवं प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के क्रम में मकान सूचिकरण एवं मकान गणना कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया गया था। इसके बाद सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को पारदर्शी एवं जिम्मेदार तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। उसी कड़ी में यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार, बीपीएम जीविका रामबाबू कुमार, फील्ड ट्रेनर मुकेश कुमार यादव, कार्तिक कुमार, अशोक कुमार पटेल, धीरेंद्र कुमार सिंह एवं रंजीत कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।



# नगर परिषद की सशक्त स्थाई समिति की चुनाव में तीनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

## प्रथम पद पर अंजू देवी, द्वितीय पद पर संदीप कुमार एवं तृतीय पद पर मुन्नी देवी निर्वाचित

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रखंड कार्यालय के सभागार में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था. इस दौरान सभी वार्ड पार्षद एवं समिति सदस्य मौजूद थे। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य प्रथम पद के लिए अंजू देवी द्वितीय पद के लिए संदीप कुमार जबकि तृतीय पद हेतू मुन्नी देवी ने नामांकन दाखिल किया था। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जाने के कारण तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों एवं पार्षदों में खुशी का माहौल देखा गया। निर्वाचित सदस्यों को अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र भी सौंपा गया एवं पद व गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई । निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए ऑब्जर्वर सह एसडीएम शिवानी शुभम की निगरानी में पूरी प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में तीन अधिकारियों की नियुक्ति की थी। सशक्त स्थायी समिति-01 के लिए चकिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार, समिति-02 के लिए कल्याणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रगुप्त कुमार बैठा तथा समिति-03 के लिए चकिया अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौसीक इकबाल अहमद को जिम्मेदारी सौंपी थी। तीनों अधिकारियों ने निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान प्रखंड कार्यालय में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति पवन सर्राफ एवं उपसभापति सुभाष यादव एवं सभी वार्ड पार्षदों ने नव निर्वाचित सदस्यों को माला एवं बुके देकर बधाई दी। चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने के लिए अनुमंडल व प्रखंड कर्मी लगाये गये थे. मौके पर वार्ड पार्षद के रूप सुनील ठाकुर, विशाल कुमार, मनोहर कुमार, मनीष कुमार उर्फ गोलू, शौकत अली दीनानाथ साह सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे. वहीं संदीप कुमार गुप्ता कहा कि सशक्त स्थायी समिति नगर परिषद के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और नई समिति शहर के विकास, स्वच्छता, जलनिकासी तथा जनहित से जुड़े कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।




CMYK

# बकरीद पर विधि-व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं को ले प्रशासन सजग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व की तैयारी, विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य संबंधित विषयों की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्तर के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक राहुल अंबरीष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान बकरीद पर्व के अवसर पर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, विधि-व्यवस्था



की प्रभावी निगरानी, अफवाहों पर नियंत्रण, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलों को पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, संवेदनशील स्थलों पर नियमित गश्ती सुनिश्चित करने, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियाँ समयपूर्व पूर्ण करने, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित करने तथा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया।

## वैश्य व्यवसाईयों को प्राथमिकता के आधार पर हथियार का लाइसेंस मिले : अकेला

**हसपुरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। वैश्य समाज के आर्थिक एवं सामाजिक आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से वैश्य आयोग के गठन तथा व्यवसायियों को आत्मरक्षा के लिए प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस देने की मांग उठाई गई। यह मांग वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह सुढ़ी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक विजय कुमार अकेला ने पटना स्थित बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रमुखता से रखी। कार्यक्रम का आयोजन वैश्य चेतना समिति एवं वैश्य चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बिहार सरकार में शामिल वैश्य समाज के मंत्रियों के सम्मान में किया गया था। अपने संबोधन में विजय कुमार अकेला ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनुसूचित जाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग तथा स्वर्ण आयोग का गठन किया गया है, ऐसे में वैश्य समाज के लिए भी अलग से वैश्य आयोग का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज आर्थिक रूप से राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए समाज के हितों की सुरक्षा और विकास के लिए आयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यवसायी वर्ग अक्सर अपराधियों के निशाने पर रहता है। लूट, रंगदारी, हत्या एवं डकैती जैसी घटनाओं से व्यवसायी परिवार लगातार प्रभावित होते हैं। ऐसी परिस्थिति में आत्मरक्षा के लिए व्यवसायियों को हथियार लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। अकेला ने कहा कि वैश्य समाज हथियारों का दुरुपयोग नहीं करेगा, बल्कि इससे अपराधियों में भय का वातावरण बनेगा। साथ ही पुलिस प्रशासन को भी राहत मिलेगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवानों को अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में लगाया जा सकेगा।

## आरोपियों के घर ढोल-नगाड़े के साथ लगाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना क्षेत्र के रसोइया गांव के समीप हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्तों पर पुलिस ने कानूनी शिकंजा कस दिया है। न्यायालय के आदेश पर कुटुंबा थाना पुलिस ने दोनों फरार आरोपियों के घरों पर ढोल-नगाड़े बजाकर सख्त चेतावनी दी और इश्तहार चस्पा किया। जिन आरोपियों के घरों पर इश्तहार चिपकाया गया है, उनमें नगर बिहटा निवासी दिलीप कुमार पिता सहजानंद शर्मा और आईआईटी अमहरा थाना क्षेत्र के चकमुंजय ग्राम निवासी दिनेश कुमार उर्फ जट्टा पिता सुखाड़ी यादव शामिल हैं। विदित हो कि बीते 27 अप्रैल 2026 को चिन्तावन बिगहा निवासी प्रमोद कुमार पाण्डेय अपने भाई सुनील पाण्डेय के साथ स्कूटी से लौट रहे थे। इसी दौरान रसोइया गांव के पास एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। इसी क्रम में अपराधियों ने सुनील पाण्डेय के चेहरे पर गोली मार दी थी। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहे हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर दोनों ने न्यायालय या थाने में आत्मसमर्पण नहीं किया, तो पुलिस जल्द ही इनके घरों की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करेगी।

## नशा मुक्त भारत पर क्विज प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में संचालित 10 दिवसीय "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत बुधवार को छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता, सहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, जागरूक एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप नेहा कुमारी ने प्रथम स्थान, श्रुति भारद्वाज ने द्वितीय स्थान तथा श्रेया भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, सामाजिक चेतना एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास करना है। नशा मुक्त भारत अभियान जैसे कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा देने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूकता फैलाने एवं स्वयं नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

अभियान के दौरान आयोजित सभी गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को समापन समारोह के दिन सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर बरसर डॉ. विवेक कुमार, प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी, अकाउंटेंट विवेक कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## बकरीद को लेकर फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार की शाम हसपुरा थाना पुलिस एवं प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने किया। फ्लैग मार्च हसपुरा थाना परिसर से शुरू होकर बस स्टैंड, अमझर शरीफ रोड, रघुनाथपुर, किशनपुर, पीरू, हसपुरा बाजार, नरसन, चहुँटा, सलेमपुर, पचरुखिया, कोईलवा तथा सिहाड़ी बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने लोगों, विशेषकर युवाओं से बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने की अपील की। वहीं बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी एवं सीओ कौशल्या कुमारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व के दौरान डीजे का उपयोग नहीं किया जाए तथा नमाज



शांतिपूर्ण वातावरण में अदा की जाए। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारियों राहुल कुमार, सूर्यदेव सिंह, खुशबू कुमारी एवं बुद्धदेव यादव ने कहा कि क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। फ्लैग मार्च में बच्चु खलीफा, अरमान सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं शस्त्र बल के जवान मौजूद रहे।

## साइबर फ्रॉड के रूपये पुलिस ने वापस लौटाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। साइबर ठगी के मामलों पर औरंगाबाद पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। साइबर थाना की त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप ऑनलाइन ठगी के शिकार एक पीड़ित को बुधवार को 1 लाख 1 हजार रुपये की राशि वापस दिलाई गई। जानकारी के अनुसार, नवीनगर थाना क्षेत्र के चंदोंखड़ निवासी रंजीत कुमार सिंह ने 21 अक्टूबर 2024 को साइबर थाना में आवेदन देकर ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से 3 लाख रुपये निकाल लिए थे। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर थाना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी अनुसंधान शुरू किया।



जांच के दौरान जिस बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की गई थी, उसे तत्काल फ्रिज कराया गया। आधुनिक साइबर तकनीक एवं बैंकिंग समन्वय के माध्यम से लगातार प्रयास करते हुए पुलिस ने ठगी गई राशि में से 1 लाख 1 हजार रुपये बरामद कर पीड़ित को वापस करा दिया। साइबर डीएसपी ने बताया कि मामले का अनुसंधान अभी जारी है। ठगी में शामिल अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनगणना कार्यों की गुणवत्ता व शुद्धता पर उप महारजिस्ट्रार ने दिया विशेष बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्यों के निरीक्षण हेतु बिहार सरकार के उप महारजिस्ट्रार सह अपर मुख्य प्रधान जनगणना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार द्वारा नगर परिषद औरंगाबाद क्षेत्र एवं प्रखण्ड बारूण के ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्यों की प्रगति, डाटा प्रविष्टि की शुद्धता तथा कार्यों की गुणवत्ता का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उप महारजिस्ट्रार द्वारा संबंधित मकान सूचीकरण ब्लॉकों का भ्रमण कर प्रगणकों द्वारा संकलित आंकड़ों एवं टैबलेट एवं मोबाइल आधारित डाटा प्रविष्टियों



का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने घर-घर जाकर किये जा रहे सर्वेक्षण कार्यों की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं एवं नीतियां तैयार की जाती हैं। इसलिए डाटा संग्रहण में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रविष्टियों में पाई गई त्रुटियों पर उन्होंने संबंधित प्रगणकों को तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया तथा भविष्य में पूरी सावधानी बरतने की हिदायत दी। उप महारजिस्ट्रार ने सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का पुनः भ्रमण कर डाटा का सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी मकान, परिवार अथवा व्यक्ति जनगणना कार्य से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि कार्य की पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जनगणना अधिकारी, औरंगाबाद, प्रखण्ड चार्ज जनगणना अधिकारी बारूण, सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी नगर परिषद, अपर चार्ज जनगणना अधिकारी बारूण, निदेशालय द्वारा नियुक्त नोडल पदाधिकारी, प्रगणक, पर्यवेक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।


बी आर बी सी एल
BRBCL

# भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड

(एन टी पी सी लिमिटेड एवं रेल मंत्रालय का एक संयुक्त उपक्रम)

**Bhartiya Rail Bijlee Company Ltd.**

**(A joint Venture of NTPC Limited and Ministry of Railways)**

## आम-सूचना

बीआरबीसीएल, नबीनगर परियोजना की स्थापना हेतु जिला औरंगाबाद (बिहार) में भूमि अधिग्रहण के पश्चयात पुर्नवास के मद में वैसे पंचाटी (भू-स्वामी) जिनकी मृत्यु हो चुकी है उन्हें पुर्नवास हेतु तय की गई योजना 'वार्षिकी के बदले एक मुश्त राशि' लागू करने का निर्णय बीआरबीसीएल द्वारा लिया गया है। मृत पंचाटी के उत्तराधिकारी के द्वारा 'एक मुश्त राशि' प्राप्त करने हेतु दावा किया गया है जिसका विवरण निम्न हैः-

| क्रम सं. | मृतक पंचाटी कानाम | मृत्युकी तिथि | मौज़ा | खाता सं. | खेसेरा सं. | हिस्सेदारीका रकबा (एकड में) | पात्रता भूमि का रकबा(एकड में) | दावा करने वाले व्यक्ति का नाम | दावाकर्ताका पंचाटी केसाथ संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व0 वासुदेव मेहता उर्फ वासुदेव महतो उर्फ वासदेव मेहता पिता -स्व0 दशई मेहता ग्राम-केरका | 11-12-2015 | केरका | 126 | 1557 | 0. 3140 | 0. 7203 | गायत्री देवी | पत्नि |
| | | | केरका | 101 | 1561 | 0. 250 | | गणेश प्रसाद मेहता | पुत्र |
| | | | केरका | 126 | 1570 | 0. 1563 | | अशोक मेहता | पुत्र |
| | | | कुल | | | 0. 7203 | | | |
| 2 | स्व0 राजबली चौहान पिता -स्व0 छांगुर चौहान ग्राम - केरका - नारायणपुर | 27-03-2011 | केरका | 79 | 496 | 0. 0083 | 0. 5000 | शान्ति कुँवर | पत्नी |
| | | | केरका | 79 | 497 | 0. 1971 | | संजय चौहान | पुत्र |
| | | | केरका | 79 | 517 | 0. 0333 | | धनजय चौहान | पुत्र |
| | | | केरका | 79 | 518 | 0. 0279 | | लव चौहान | पुत्र |
| | | | कुल | | | 0. 2667 | | नन्द कुमार चौहान | पुत्र |
| 3 | स्व0 दुखी सिंह यादव उर्फ दुखी उर्फ दुखी यादव पिता -स्व0 सीता सिंह यादव उर्फ सीता यादव ग्राम - सुरार | 02-09-2017 | पिरौंटा | 29 | 368 | 0. 1867 | 0. 5000 | दशरथ यादव | पुत्र |
| | | | पिरौंटा | 29 | 371 | 0. 0267 | | देवेन्द्र कुमार सिंह | पुत्र |
| | | | पिरौंटा | 27 | 407 | 0. 1200 | | | |
| | | | पिरौंटा | 29 | 418 | 0. 1533 | | | |
| | | | कुल | | | 0. 4867 | | | |
| 4 | स्व0 धनेश्वर चौधरी पिता -स्व0 रामखेलावन मल्लाह ग्राम - धुँधुआ | 16-04-2015 | धुँधुआ | 8 | 469 | 0. 0825 | 0. 5000 | शान्ति देवी | पत्नी |
| | | | धुँधुआ | 8 | 469 | 0. 0400 | | अशोक कुमार | पुत्र |
| | | | धुँधुआ | 8 | 473 | 0. 1958 | | प्रमोद कुमार चौधरी | पुत्र |
| | | | धुँधुआ | 8 | 474 | 0. 1308 | | मनोज कुमार | पुत्र |
| | | | कुल | | | 0. 4491 | | | |
| 5 | स्व0 सुरेश सिंह पिता -स्व0 राजदेव सिंह ग्राम - धुँधुआ | 06-05-2021 | धुँधुआ | 42 | 251 | 0.3350 | 4. 4113 | उर्मिला देवी | पत्नी |
| | | | धुँधुआ | 45 | 252 | 1.4950 | | आलोक कुमार सिंह | पुत्र |
| | | | धुँधुआ | 42 | 253 | 0.1400 | | | |
| | | | धुँधुआ | 41 | 254 | 0.5600 | | | |
| | | | धुँधुआ | 12 | 263 | 0.0650 | | | |
| | | | धुँधुआ | 32 | 450 | 0.1800 | | | |
| | | | धुँधुआ | 32 | 451 | 0.2300 | | | |
| | | | धुँधुआ | 12 | 462 | 0.0850 | | | |
| | | | धुँधुआ | 38 | 477 | 0.1727 | | | |
| | | | धुँधुआ | 17 | 491 | 0.0600 | | | |
| | | | धुँधुआ | 38 | 495 | 0.0794 | | | |
| | | | धुँधुआ | 38 | 516 | 0.1627 | | | |
| | | | एगहारा | 40 | 8 | 0.2050 | | | |
| | | | एगहारा | 3 | 9 | 0.3108 | | | |
| | | | एगहारा | 3 | 13 | 0.1641 | | | |
| | | | एगहारा | 3 | 15 | 0.1666 | | | |
| | | | कुल | | | 4. 4113 | | | |
| 6 | स्व0 लखराज कुँवर पति -स्व0 सरयू सिंह ग्राम - नौवगढ़ | 15-06-2015 | एगहारा | 11 | 3 | 0.0700 | 1. 2300 | वीर प्रताप सिंह | पुत्र |
| | | | एगहारा | 40 | 24 | 0.1500 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 25 | 0.0900 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 51 | 0.0600 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 52 | 0.0150 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 54 | 0.0750 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 67 | 0.0650 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 233 | 0.0150 | | | |
| | | | एगहारा | 40 | 298 | 0.6900 | | | |
| | | | कुल | | | 1. 2300 | | | |
| 7 | स्व0 गीता देवी पति - स्व0 रामचन्दर राम उर्फ रामचन्दर सिंह उर्फ राम चन्द्र राम उर्फ राम चन्द्र सिंह ग्राम - एगहारा | 29-07-2016 | एगहारा | 27 | 297 | 0. 6250 | 0. 6250 | ललित कुमार सिंह | पुत्र |
| | | | | | | | | शिव कुमार सिंह | पुत्र |
| | | | | | | | | कामता सिंह | पुत्र |
| | | | कुल | | | 0. 6250 | | श्याम सुन्दर सिंह | पुत्र |
| 8 | स्व0 सुरेश सिंह पिता -स्व0 राजेश्वर सिंह ग्राम - हरीबारी | 16-02-2011 | एगहारा | 11 | 3 | 0. 0233 | 2. 1183 | रामानुज सिंह | पुत्र |
| | | | एगहारा | 11 | 25 | 0. 1800 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 51 | 0. 0200 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 52 | 0. 0050 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 54 | 0. 0250 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 67 | 0. 0200 | | | |
| | | | एगहारा | 11 | 233 | 0. 0050 | | | |
| | | | एगहारा | 40 | 295 | 0. 1800 | | | |
| | | | एगहारा | 40 | 298 | 1. 6600 | | | |
| | | | कुल | | | 2. 1183 | | | |
| 9 | स्व0 चंद्रदेव यादव पिता -स्व0 कृत यादव ग्राम - सलेया कर्मा | 20-03-2020 | सलेया | 28 | 2 | 0.0250 | 1. 6706 | प्रमोद यादव | पुत्र |
| | | | सलेया | 28 | 3 | 0.0075 | | मनोज यादव | पुत्र |
| | | | सलेया | 28 | 3 | 0.0794 | | विनोद यादव | पुत्र |
| | | | सलेया | 11 | 4 | 0.0475 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 9 | 0.2375 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 9 | 0.0475 | | | |
| | | | सलेया | 28 | 10 | 0.3831 | | | |
| | | | सलेया | 28 | 10 | -0.0417 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 11 | 0.0100 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 13 | 0.0300 | | | |
| | | | सलेया | 27 | 14 | 0.0450 | | | |
| | | | सलेया | 27 | 14 | -0.0125 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 15 | 0.0091 | | | |
| | | | सलेया | 28 | 16 | 0.1794 | | | |
| | | | सलेया | 28 | 16 | -0.0025 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 18 | 0.2700 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 18 | 0.1769 | | | |
| | | | सलेया | 11 | 27 | 0.0750 | | | |
| | | | सलेया | 31 | 28 | 0.0400 | | | |
| | | | सलेया | 28 | 19 | 0.0644 | | | |
| | | | कुल | | | 1. 6706 | | | |
| 10 | स्व0 लक्ष्मण चौहान पिता -स्व0 वृक्ष चौहान ग्राम - सलेया | 23-01-2017 | सलेया | 31 | 205 | 0.2575 | 1. 0450 | युगेश चौहान | पुत्र |
| | | | सलेया | 31 | 205 | 0.0200 | | उमेश चौहान | पुत्र |
| | | | सलेया | 31 | 205 | 0.7675 | | उदेश चौहान | पुत्र |
| | | | | | | | | भीमल चौहान | पुत्र |
| | | | कुल | | | 1. 0450 | | | |

बीआरबीसीएल, नबीनगर द्वारा वार्षिकी के बदले 'एकमुश्त राशि' का भुगतान मृतक पंचाटी के परिवार के सदस्यों (उत्तराधिकारियों) के संयुक्त बैंक खाते में किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को मृतक पंचाटी के दावा करने वाले उत्तराधिकारियों को 'एकमुश्त राशि' के भुगतान पर कोई आपत्ति हो, तो वह सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर वैध कागजातों के साथ लिखित रूप में निम्न पते पर अपना दावा प्रस्तुत कर सकता/सकती है। निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि किसी अन्य व्यक्ति को उक्त भुगतान पर कोई आपत्ति नहीं है।

पत्राचार /दावा समर्पित करने का पता -

**कार्यपालक (आर एंड आर)**

**बीआरबीसीएल नबीनगर, पोस्ट- खदहा, थाना- एनटीपीसी खैरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार), पिनकोड- 824303**

Email: brbclrr@gmail.com

# कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं को रिफाइनरी ने दी मुस्कान

## मेडिकल कैंप का भी किया गया आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड स्थित कंकौल में बच्चियों के लिए एक सरकारी बोर्डिंग स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बरौनी रिफाइनरी ने स्माइल्स वी स्प्रेड की पहल की। विद्यालय के गलियारे हंसी और खुशी गूंज उठी। बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश और उनकी पत्नी डॉ सुष्मिता प्रकाश के नेतृत्व में इस पहल ने इंडियन ऑयल की देखभाल और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति गहरे संकल्प को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ईएमएस, एमएस, एवं




एलएंडडी) पी.के. नाथ, प्रबन्धक (ईएमएस, एमएस, एवं एलएंडडी) राधे श्याम प्रसाद, और मैनेजमेंट टीम के अन्य सीनियर सीनियर सदस्य मौजूद थे। जिन्होंने छोटी बच्चियों के लिए इस दिन को यादगार बनाने के लिए सहयोग दिया। इस पहल से 10 से 14 साल की लगभग 100 बच्चियों को खुशियाँ बाटीं गई। जिनकी स्कूल में देखभाल की जाती है। उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान बनाने और पूरी तरह से आगे बढ़ने के लिए, लड़कियों को स्वच्छता किट, स्पोर्ट्स किट, दैनिक जीवन के समान, स्टडी किट और स्कूल बैग उपहार में दिए गए। इनडोर गेम्स जैसे लूडो, शतरंज और कैरम के अलावे आउटडोर गेम्स जैसे बास्केटबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट और बैडमिंटन रैकेट भी उपहारों में शामिल थे। ये संसाधन बच्चियों को सक्रिय रहने, आत्मविश्वास बढ़ाने और पढ़ाई व खेल के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाने के अवसर प्रदान करेंगे। जिला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवीएस) मुफ्त आवासीय विद्यालय हैं। जिन्हें विशेष रूप से वंचित पृष्ठभूमि की बच्चियों जिनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) की बच्चियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन संस्थानों का उद्देश्य शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, रहने-खाने की सुविधा, यूनिफॉर्म और पढ़ाई का सामान उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना है। रिफाइनरी ने बच्चों और संरक्षक टीम दोनों के लिए मुफ्त मेडिकल चेक-अप कैंप भी आयोजित किया। ताकि यह सामाजिक पहल लगातार आगे बढ़ती रहे और उनका स्वास्थ्य उत्तम रहे। इस दिन का सबसे खास पल लड़कियों की प्रतिक्रिया थी। चेहरे पर खिली मुस्कान के साथ, उन्होंने टीम के सदस्यों से बड़े ही आत्मीय भाव से बातचीत की और एक मधुर मिथिला गीत के माध्यम से अपना आभार व्यक्त किया जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक गौरव और सहज मासूमियत से भर गया। स्माइल्स वी स्प्रेड पहल के माध्यम से, बरौनी रिफाइनरी ने एक बार फिर इंडियन ऑयल के मूल मूल्य 'देखभाल' को प्रदर्शित किया है जिसके तहत स्नेह, खुशी और उम्मीदें फैलाई जाती हैं, और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सच्चे अर्थों में जिया जाता है।

# बकरीद पर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष के निर्देश पर शहर में बड़े स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व एएसपी आनंद कुमार पांडे ने किया। फ्लैग मार्च शहर के मुख्य बाजार, जीडी कॉलेज रोड, हर-हर महादेव चौक, कपूरी स्थान, मस्जिद चौक सराय समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस टीम ने जगह-जगह रुककर लोगों से बातचीत की और शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। वहीं समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक मनीष समेत तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बकरीद के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही जिलेवासियों से आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की अपील की गई है।

# बिजली संकट को दूर करने का काम जारी

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दक्षिण बिहार विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने आज यहां कहा कि भागलपुर जिले में भीषण आंधी-पानी की वजह से उत्पन्न गंभीर बिजली संकट को शीघ्र दूर करने काम युद्धस्तर पर जारी है। विभागीय अधिकारी, अभियंता और तकनीकी टीम लगातार काम कर रही है। उन्होंने बुधवार को यहां जिला प्रशासन और विधुत विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि दो दिनो तक आये भीषण आंधी-पानी के कारण जिले के भागलपुर शहर, नवगछिया और कहलगांव डिवीजन में उत्पन्न गंभीर बिजली संकट को मुख्यालय ने काफी गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी के अनुरोध पर उनके साथ मुख्यालय (पटना) से आए तकनीकी टीम के सदस्य और विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ काम कर रहे हैं। 33 केवी और 11केवी के सभी फीडरो को दुरुस्त करने का काम अंतिम चरण में है और इस काम में लगे विभागीय अधिकारियों को जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है।

# जिले में 15 केन्द्रों पर होगी बिहार संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद पटना द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के सफल, स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी करते हुए सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था के व्यापक निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा चार पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान की परीक्षा पूर्वाह्न 9 बजे से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान की परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक, तृतीय पाली में गणित की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 3:30 बजे तक तथा चतुर्थ पाली में जीव विज्ञान की परीक्षा अपराह्न 4:00 बजे से 5:30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह 7:00 बजे से 8:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा में किसी भी प्रकार के कदाचार की संभावना को समाप्त करने के लिए व्यापक तकनीकी एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता –सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद।**

**(मद्यनिषेध कोर्ट–7)**

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **30.05.2026** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद वाद सं0 | वाहन /भूमि मालिक का नाम एवं पता | थाना/उत्पाद थाना कांड संख्या | वाहन/भूमि का विवरण | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 66/2025 | पप्पु कुमार, पिता–कैलाश सिंह, सा0–खरकनी, खडीहा, जिला–औरंगाबाद ।बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1059/24 | BR26PA1771<br>Eng No- 58A8804861<br>Chasis no-MCG27P3DK1893170<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 2 | 39/2025 | विरेन्द्र पुरी, पिता–स्व0 राम कवि शवारपुरी, | नबीनगर थाना काण्ड संख्या–301/22 | BR01BQ6018<br>Eng No- HA10ELCHL21501<br>Chasis no-MBLHA10ASCHL44633<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 3 | 64/2025 | सिनेश कुमार, पिता–रामेश्वर प्रसाद, सा0–गोविन्दपुर, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद बिहार | टण्डवा थाना काण्ड संख्या–76/24 | BR26L2339<br>Eng No- DHZRGD95329<br>Chasis no-MD2A11CZ5GRD45058<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 4 | 62/2025 | लक्षमण सिंह, पिता–गौतम सिंह, सा0–नारायणपुर, पो0–बेलहौरी, थाना–, जिला–औरंगाबाद | देव थाना काण्ड संख्या–243/22 | BR03S9906<br>Eng No- DHZRGB57217<br>Chasis no-MD2A11CZ9GRB07116<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 5 | 61/2025 | अखतर हुसैन, पिता–स्व0 नजमुल होदा, सा0–हेड पोस्ट ऑफिस औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद बिहार | देव थाना काण्ड संख्या–295/22 | JH03D3008<br>Eng No- HA10EABHG00091<br>Chasis no-MBLHA10EE8HG00293<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 6 | 34/2025 | मो0 सैदजम, पिता–तबारक हुसैन, सा0–मंजुर मोहल्ला नबीनगर, थाना–नबीनगर, जिला–औरंगाबाद बिहार | नबीनगर थाना काण्ड संख्या–290/23 | BR01B21786<br>Eng No- 21CJ025229<br>Chasis no-ME121C0J1E2025192<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 7 | 38/2025 | संजीत कुमार, पिता–कमलेश प्रसाद, सा0–चौरसिया नगर पचौखर देव, औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1214/24 | BR02X1404<br>Eng No- HA10ELEHB122221<br>Chasis no-MBLHA10A3EHB<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 8 | 44/2025 | सत्येन्द्र पासवान, पिता–भुनेश्वर पासवान, सा0–पिरवा, थाना–सलैया जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1007/24 | BR02P5194<br>Eng No- HA10EDBHJ34215<br>Chasis no-MBLHA10EWBHJ33849<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 9 | 42/2025 | राकेश कुमार, पिता–छोटेलाल यादव, सा0–बादल बिगहा पो0–मनिका मदनपुर, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–887/24 | N/A<br>Eng No- HA11ERHA9231<br>Chasis no-MBLHAW22XRHA71015<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 10 | 60/2025 | पंकज कुमार, पिता–दिनेश सिंह, सा0–मखरा थाना–अम्बा जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1284/24 | BR26D0911<br>Eng No- DZZPEF63019<br>Chasis no-MD2A18A2XEPE26774<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 11 | 54/2025 | संतोष भुइया, पिता–चैतन भुईया, सा0–खजवरिया, पो0–उन्थु, थाना–सलैया जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1041/24 | JH03U3860<br>Eng No- HA10AGJHD57947<br>Chasis no-MBLHAR088JHD80611<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 12 | 53/2025 | सोनी कुमारी, पिता–रामरेश राम, सा0–बरवाडीह, पो0–उन्थु फेसर, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1126/24 | BR26X6939<br>Eng No- HA11E8PHDB7794<br>Chasis no-HA11E8PHD70810<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 13 | 50/2025 | शैलेश पासवान, पिता–घुरा पासवान, सा0–विश्रामपुर, पो0–डुमरी, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1187/24 | BR02V5869<br>Eng No- JA12ABDGK18315<br>Chasis no-MBLJA12ACDGK140<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 14 | 87/2025 | जितेन्द्र कुमार, पिता–बामेश्वर भारती, सा0–हमीदनगर, थाना–उपहारा जिला–औरंगाबाद बिहार | देव थाना काण्ड संख्या–40/24 | BR56A9128<br>Eng No- HA10FRHDO3951<br>Chasis no-MBLHA10CGGHD04296<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 15 | 88/2025 | विरेन्द्र कुमार, पिता–सुनील चौधरी, सा0–राजाकुरका, थाना–देव, पो0–देव जिला–औरंगाबाद बिहार | देव थाना काण्ड संख्या–12/25 | BR26T6989<br>Eng No- HA11EYMHB60155<br>Chasis no-MBLHAW125MHBA0345<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 16 | 82/2025 | हेमन्त कुमार, पिता–दशरथ सिंह, सा0–सिमरी जैतिया, पो0–नबीनगर, थाना–नबीनगर जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–22/25 | BR26AA0219<br>Eng No- AE8GR2323893<br>Chasis no-MD634BE82R2G24536<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 17 | 81/2025 | सरिता कुमारी, पिता–सुदानी महतो, सा0–पोइवाँ, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1306/24 | Eng No- HA10ENEHA61389<br>Chasis no-MBLHA10A6EHA40289<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 18 | 78/2025 | शम्भु पासवान, पिता–चलीतर पासवान, सा0–मिर्जापुर, पो0–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–996/24 | Eng No- MBLHA10CAFHM07612<br>Chasis no-HA10EYFMM37519<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 19 | 76/2025 | संजय पासवान, पिता–बाबू राम पासवान, सा0–शिवपुर, पो0–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1116/25 | BR26AA9723<br>Eng No- JC73ET1282374<br>Chasis no-ME4JC735AJT116992<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 20 | 79/2025 | रिंकु देवी, पिता–चंदन शर्मा, सा0–सोती, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1103/24 | BR26J2172<br>Eng No- PAZRFk01793<br>Chasis no-MD2A57B77FRK79455<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 21 | 45/2025 | रिमा कुमारी, पिता/पति–ओम प्रकाश दास | नबीनगर थाना काण्ड संख्या–211/24 | N/A<br>Eng No- AH10ACJHD54907<br>Chasis no-MBLHAR189JHD23154<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 22 | 90/2025 | छठन राम, पिता–रामगहन राम सा0–पुरैनी पो0/थाना–नगर, | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–811/24 | JH0327236<br>Eng No- HA10EA9HK47684<br>Chasis no-MBLHA10EJ9HK02454<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 23 | 129/2025 | श्री निवासा, पिता–चिका हुदासाई, सा0–मेनरोड अमरूकुर कुनीयण टी0क्यू सा0–पुरैनी पो0/थाना–नगर, | टण्डवा थाना काण्ड संख्या–327/25 | N/A<br>Eng No- HA10FRFHD93991<br>Chasis no-MBLHA10BFFHD84301 | 30.05.2026 |
| 24 | 137/2025 | विजेन्द्र यादव, पिता– दशरथ यादव | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–421/25 | BR26W5883<br>Eng No- DG5EW3401418<br>Chasis no-MD626CG58N3E21380<br>(Scotty) | 30.05.2026 |
| 25 | 127/2025 | करिश्मा देवी, पिता/पति–सुधीर पासवान, सा0–बैसेनी कपसिया, थाना–मुफसिल औरंगाबाद | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–315/25 | BR26Y9234<br>Eng No- DG5A3X06540<br>Chasis no-MD626CGR3A24270<br>(Scotty) | 30.05.2026 |
| 26 | 126/2025 | चंदन कुमार, पिता– सिताराम चौहान, सा0– महुअरी टोला, पो0– नाउर, थाना– नबीनगर जिला–औरंगाबाद, | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–340/25 | A/N<br>Eng No- DHXRMK5F811<br>Chasis no-MD2B68BXZMRK58287<br>(Palsar Motercycal) | 30.05.2026 |
| 27 | 123/2025 | बजरंगी कुमार, पिता– गोपाल कु0, सा0– बरहेतन, प्रखण्ड– देव, जिला–औरंगाबाद, बिहार | देव थाना काण्ड संख्या–56/25 | cSVjh pkfyr VªkbZ lkbZfdy<br>No- TD2A6505BB01<br>SL.NO-02486 | 30.05.2026 |
| 28 | 138/2025 | सुबोध यादव, पिता– रामहत यादव, सा0–सनौधा,प्रखण्ड/थाना–देव जिला–औरंगाबाद, बिहार | ढ़िबरा थाना काण्ड संख्या–18/25 | BR26H6915<br>Eng No-S5A8380542<br>Chasis no-MBX0000ZFSB044254<br>(VsEiw) | 30.05.2026 |
| 29 | 121/2025 | विनित कुमार वर्मा, पिता– फलचन्द वर्मा, सा0– I.146 शिवशक्ति जगतपुर | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–425/25 | RJ14VB2309<br>Eng No-DJZCDA86281<br>Chasis no-MD2A12DZ4DCA87C18<br>(Palsar Motercyca1) | 30.05.2026 |
| 30 | 178/2025 | सत्येन्द्र कुमार, पिता– सुनिल कुमार, सा0–कोयल खाप | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–864/25 | JH03AF2762<br>Eng No-JC83EG2170119<br>Chasis no-ME4JCB36LMG064700<br>(Honda S.P Motercyca1) | 30.05.2026 |
| 31 | 177/2025 | रिमा कुमारी, पिता– जय प्रकाश पासवान, सा0–हबसपुर, पो0–सिरिस, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–524/25 | BR26X1187<br>Eng No-HA11EDPHB03739<br>Chasis no-MBLHAW122PHB70023<br>(Splender Motercyca1) | 30.05.2026 |
| 32 | 176/2025 | धर्मेन्द्र कुमार, पिता–कमता राम, सा0–जनथुआ, पो0–जोगिया, थाना–रिसियप, जिला–औरंगाबाद बिहार | टण्डवा थाना काण्ड संख्या–341/25 | N/A<br>Eng No-R3D2314675<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 33 | 175/2025 | रमेश प्रसाद सिंह, पिता– स्व0 कामदेव सिंह, सा0–डा0 एच0डी0 त्रिपाठी | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–893/25 | JH01AT5213<br>Eng No-JC36E7067448<br>Chasis no-ME4JC36JEC704529<br>(Honda Motercyca1) | 30.05.2026 |
| 34 | 172/2025 | महेश पासवान, पिता–लखन पासवान, सा0–जयप्रकाश नगर,, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–388/25 | BR26Q2911<br>Eng No- AE7LJ2311389<br>Chasis no-MD637AE7XJ2L14905<br>(Apachi Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 35 | 166/2025 | विजय कुमार यादव, पिता–राम प्रसाद यादव, सा0–सदीयार मुदगडा, पो0–निमा आजन, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–613/25 | BR26T5057<br>Eng No- HA11EDLHM35015<br>Chasis no-MBLHAW124LHM075 | 30.05.2026 |
| 36 | 159/2025 | रामबलि भुईया, पिता–किशुन भुइया, सा0–कवलपुर, थाना–देव, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–810/25 | (Cycle) | 30.05.2026 |
| 37 | 187/2025 | रौशन कुमार, पिता–प्रमोद कु0 सिंह, सा0–गांगो पा0–राजबरीया कलन, पो0–नबीनगर, थाना–राजबरीया कलन, जिला–औरंगाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–552/25 | JH03F9553<br>Eng No-HA10EDBGH26904<br>Chasis no-MBLHA10EWBHG26679<br>(Paisson Pro Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 38 | 168/2025 | कमला देवी, पति–सुदर्शन पाल सिंह, सा0–सरेया पो0–बिलासपुर, | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–567/25 | JH03AN1723<br>Eng No-HA11E1RHA02025<br>Chasis no-MBLHAW136RHA00551<br>(HF Deluxe Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 39 | 141/2025 | जावेद राज, पिता–जमीर फारूक, सा0–बारूण, थाना–बारूण जिला–औरंगाबाद | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–406/25 | BR26D7543<br>Eng No-DAYRJE35017<br>Chasis no-MD2A11CY2JRE09250<br>(Palsar Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 40 | 40/2025 | अभिषेक कुमार, पिता–जितेन्द्र यादव, सा0–बेलहौरी, पो0–बेलहौरी, थाना–दुलहिन बाजार, जिला–पटना | टण्डवा थाना काण्ड संख्या–38/24 | BR01EZ8424<br>Eng No- JA05EGL9A14076<br>N/A<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 41 | 35/2025 | मो0 इकबाल, पिता–अखलाख अहमद, सा0–सबलपुर खडौल पटना, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–885/24 | BR01BA5589<br>Eng No- JBUBTG61235<br>Chasis no-MD2DSPAZZTPG72429<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 42 | 120/2025 | रेणु देवी, पिता–मनुदास, सा0–भिलवारा, थाना–गापालपुर जिला– पटना, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–319/25 | BR01BF4843<br>Eng No- HA11EYNHJ60821<br>Chasis no-MBLHAW12INHJA0843<br>(Hero Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 43 | 167/2025 | मनोरंजन देवी, पिता–मनोज कुमार, सा0–पमेरी अंचल ध्नराड जिला, पटना, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–635/25 | BR01PH6798<br>Eng No- 57B8671709<br>Chasis no-MBX0003BFUB417<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 44 | 41/2025 | रंजन कुमार, पिता–सुरेश प्रसाद, सा0–मखदुमपुर कन्हैया बिगहा जहानाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–900/24 | BR02Q7982<br>Eng No- JC65E2265629<br>Chasis no-ME4JC65BL31095142<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 45 | 134/2025 | मनोज कुमार पाठक, पिता–स्व0 राधेश्याम पाठक, सा0–अंकारपुर पो0– पई बिगहा, थाना–मखदुमपुर जहानाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–451/25 | BR02PA5614<br>Eng No- 57K876250<br>Chasis no-MBX0003BFVK528856<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 46 | 190/2025 | तारकेश्वर कुमार, पिता–रामबाबु यादव, सा0–निजामुद्दीनपुर जहानाबाद बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–844/25 | BR02AK3840<br>Eng No- HA11EYNHC67522<br>Chasis no-MBLHAW125MHC67177<br>(Splender Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 47 | 58/2025 | श्री संतोष सिंह, पिता–राजेनद्र सिंह, सा0–घिपुर इमामगंज, पो0–मैगरा ईमामगंज जिला–गया, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1256/24 | BR02M4737<br>Eng No- 07M15E25903<br>Chasis no-07M03F09738<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 48 | 56/2025 | निरज कुमार सिंह, पिता–केशरी कुमार सिंह, सा0–पकौली पुनपुन,जिला–गया, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1100/24 | BR01CD9867<br>Eng No- HA10ETEGJ09036<br>Chasis no-MBLHA10BLEGJ00529<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 49 | 170/2025 | सुशांत कुमार, पिता–कपिलदेव शर्मा, सा0–शिव धरणलेन मदनपुर बुनियागंज जिला–गया बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–626/25 | BR02PA9816<br>Eng No- 58L8927141<br>Chasis no-MCG27P3DKA1933477<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 50 | 55/2025 | विजेन्द्र प्रसाद, पिता–शरमी सिंह, सा0–खरजामा, थाना–ऐकानगर जिला–नालन्दा,बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–990/24 | BR01HD1708<br>Eng No-HA11EYLHF12609<br>Chasis no-MBLHAW1252HF14728<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 51 | 48/2025 | शम्भू दास, पिता–महेन्द्र दास, सा0–इन्द्रनगर, पो0/थाना– ग्येगरि, जिला–खगड़िया,बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–789/24 | BR34P6081<br>Eng No-Y0013750<br>Chasis no-MBX0006FFYF024285<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 52 | 91/2025 | शकरंती देवी, पति–विशणु सिंह, सा0–सुखी बिगहा, पो0–सखन, थाना–रामुपुर चौर जिला–अरवल, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–929/24 | BR56b7822<br>Eng No- DJYCK255210<br>Chasis no-MD2A12DY2KCL08019<br>(Motorcycle) | 30.05.2026 |
| 53 | 80/2025 | सुदामा कुमा, पिता–चन्द्रदेव सिंह, सा0–सराव, पो0–पउनी, थाना–नासरीगंज जिला–राहेतास, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1048/24 | BR26Y4897<br>Eng No-JEXCPF78879<br>Chasis no-MD2B72BX8PCF20110<br>(Tempu) | 30.05.2026 |
| 54 | 130/2025 | मनु कुमार गुप्ता, पिता–राजेन्द्र प्रसाद, सा0–ATM SHO आर्दश, थाना/पो0–सासाराम जिला–राहेतास, बिहार | नबीनगर थाना काण्ड संख्या–398/25 | BR26G5370<br>Eng No-MWY582195<br>Chasis no-MAT4A5554DZP86566<br>(Tata Magic) | 30.05.2026 |
| 55 | 133/2025 | ओम प्रकाश कुमार, पिता–मुन्ना प्र0 गुप्ता, सा0– मंझौली, जिला–राहेतास, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–354/25 | BR01BJ0332<br>Eng No-HA10EDBGM08097<br>Chasis no-MBLHA10EWBGM68118<br>(Paisson Pro) | 30.05.2026 |
| 56 | 184/2025 | विजयन्ती देवी, पिता/पति–अनील कुमार, सा0–धररूपुर विक्रमगंज थाना–रोहतास, जिला–राहेतास, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–858/25 | UP65AD-7019<br>Eng No-3279737<br>Chasis no-700150<br>( Alto Car) | 30.05.2026 |
| 57 | 184/2025 | विजयन्ती देवी, पिता/पति–अनील कुमार, सा0–धररूपुर विक्रमगंज थाना–रोहतास, जिला–राहेतास, बिहार | उत्पाद थाना काण्ड संख्या–858/25 | UP65AD-7019<br>Eng No-3279737<br>Chasis no-700150<br>(Mahindra Altu Car) | 30.05.2026 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0 – 7, औरंगाबाद।**

PR- 004459 ( Excise ) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

# ‘बाबा, अब आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं, आपका काम आज और अभी होगा’

## जन समाधान दिवस बना उम्मीद का सहारा, उपायुक्त के जनता दरबार में लोगों ने रखीं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जन समाधान दिवस के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन समाधान दिवस में उस समय मानवीय संवेदना की एक मिसाल देखने को मिली जब पाटन प्रखंड के नवाजयपुर से पहुंचे 81 वर्षीय बुजुर्ग उदित ठाकुर ने उपायुक्त को बताया कि उनका वृद्धा पेंशन पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि आधार से संबंधित किसी त्रुटि के कारण पेंशन रुक गई है, लेकिन वृद्धावस्था एवं आंखों से दिव्यांग होने के कारण वे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने में असमर्थ हैं। बुजुर्ग की बातें सुनते ही उपायुक्त ने तत्काल उन्हें बैठाकर पानी पिलाया और बेहद आत्मीयता के साथ कहा, ‘बाबा, अब आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है, आपका काम आज और अभी यहीं से होगा। इसके बाद उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक पीयूष को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अधिकारियों द्वारा तत्काल बुजुर्ग का आधार अपडेट कराया गया तथा बैंक खाते से आधार सीडिंग की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई। आवश्यक त्रुटियों को दूर करते हुए वृद्धा पेंशन पुनः चालू करने एवं लंबित राशि भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष ने बताया कि आगामी सात दिनों के भीतर उदित ठाकुर के बैंक खाते में पिछले एक वर्ष की लंबित पेंशन राशि भेज दी जाएगी। जन समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



# भीषण गर्मी में नगर पंचायत हुसैनाबाद में प्याऊ व्यवस्था की शुरुआत

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर में प्याऊ व्यवस्था शुरू की गई है। नगर पंचायत की ओर से राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई है। इसी क्रम में नगर पंचायत कार्यालय हुसैनाबाद के सामने सबसे पहले प्याऊ व्यवस्था की शुरुआत की गई। इसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती, उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी एवं वार्ड पार्षद आनंद कुमार ने फीता काटकर किया। प्याऊ शुरू होने से उस रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिल रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्याऊ की शुरुआत की गई है। इसके बाद अन्य जगहों पर चरणबद्ध तरीके से शहर के अन्य प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी प्याऊ की व्यवस्था शुरू की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। नगर पंचायत की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# डबल मर्डर मामले का खूंटी पुलिस ने किया खुलासा, तीन हत्या आरोपी गिरफ्तार

## हत्या में प्रयुक्त टांगी और खून लगे सामान बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** सायको थाना क्षेत्र में आयोजित छऊ नृत्य मेला के दौरान हुई डबल मर्डर मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला सायको थाना क्षेत्र का जीउरी बड़ाटोली का रहने वाला 17 वर्षीय विशु पाहन और 17 वर्षीय सुमी मुंडू की हत्या की गई थी। खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 17/18 मई 2026 की रात को सायको गांव में आयोजित छऊ नृत्य मेला देखने गए उसी दौरान किसी मामले को लेकर आपस में कहा सुनी हुई जिसके बाद उन लोगों ने मिलकर विशु पाहन और सुमी मुंडू की धारदार पारंपरिक हथियार से हत्या कर दी और शव को 300 मीटर दूर झाड़ी में फेंक दिया था। हालांकि इस पूरी घटना में डॉग स्क्वायड और एफएसएल की मदद ली गई थी। जिसके बाद पुलिस ने सबूत जुटाते हुई तीन हत्यारोपियों को सायको थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। खूंटी एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड में दो दोस्तों न मिलकर शव का साक्ष्य छुपाने की नीयत से झाड़ी में छुपा दिया था। पुलिस ने बताया कि मास्टरमाइंड सुंबर सिंह मानकी ने अपने ही दोस्त को अपनी पत्नी का देखभाल की जिम्मेवारी सौंपी थी और वह रोजगार के लिए चेन्नई चला गया था। जानकारी के अनुसार सुंबर सिंह मानकी को विशु पाहन ने अपनी पत्नी का किसी अन्य के साथ चल रही बातचीत को छुपाए रखा। इसी मामले को लेकर आवेश में आकर विशु पाहन की हत्या की गई और बीच बचाव में आई सुमी मुंडू की भी हत्या कर दी गई। डबल मर्डर मामले में सायको थाना पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें 21 वर्षीय सुन्दर सिंह मानकी, 45 वर्षीय गोमिया सोय और बुधराम सोय शामिल हैं पुलिस ने इनके पास से हत्या में प्रयुक्त टांगी और खून लगे सामान बरामद किया। छापामारी टीम का नेतृत्व खूंटी के डीएसपी मंगल सिंह जामुदा कर रहे थे साथ में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, साइको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय , पितरुस बाड़ा, प्रदीप सांगा, धर्मेंद्र भगत , चौकीदार लूसा मुंडू और डोमन स्वासी शामिल थे।



# 28 मई से 4 जून तक जिलेभर में चलेगा माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो कार्यक्रम अंतर्गत राज्यव्यापी अभियान 28 मई से 4 जून 2026 तक चलाया जाना है। इस अभियान को जिले में प्रभावी तरीके से संचालित करने को लेकर बुधवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एनआईसी सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ एवं प्रखंड वाश समन्वयकों के साथ बैठक की। वहीं एनआईसी सभागार में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि माहवारी स्वच्छता दिवस केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए,

**समीक्षा**

बल्कि इसे जमीनी स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान के रूप में चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भी राज्य में मात्र 52 प्रतिशत किशोरियां एवं महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करती हैं, जो चिंताजनक स्थिति है। ऐसे में समाज में जागरूकता बढ़ाकर इस आंकड़े में सुधार लाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि माहवारी स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा, शिक्षा और सुरक्षित जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने सभी प्रखंडों में पंचायत एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। अभियान के तहत किशोरियों एवं महिलाओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ माहवारी प्रबंधन, सैनिटरी नैपकिन के उपयोग तथा सुरक्षित निपटान के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं असुरक्षित साधनों का उपयोग करती हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं। अभियान के माध्यम से माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों एवं झिझक को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के दौरान पंचायत एवं समुदाय स्तर पर छोटे समूहों में बैठक, प्रभातफ़ेरी, शपथ ग्रहण, रेड डॉट चैलेंज, जागरूकता रैली तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूह, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।

# आठ बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** श्रम अधीक्षक, पलामू अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को पलामू जिले के हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड क्षेत्रों में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 8 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। बकौल श्रम अधीक्षक इन बच्चों से होटल एवं ढाबों में वेटर का कार्य, प्लेट उठाने तथा साफ-सफाई जैसे कार्य कराए जा रहे थे। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र लगभग 8 वर्ष से 13.5 वर्ष के बीच बतायी गयी है। श्रम अधीक्षक श्री चौधरी ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य कराना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में नियोजकों के विरुद्ध 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा अथवा 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले संचालकों के विरुद्ध हरिहरगंज एवं पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही मुक्त कराए गए बच्चों के विद्यालय में नामांकन एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्रवाई भी की जाएगी।इस अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरिहरगंज, हुसैनाबाद एवं सदर-मेदिनीनगर के साथ जिला समन्वयक अग्रगति पलामू एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। श्रम अधीक्षक ने कहा कि बाल श्रम केवल कानूनी अपराध ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। बच्चों का सही स्थान कार्यस्थल नहीं बल्कि विद्यालय है। समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए बाल श्रम के विरुद्ध सभी को जागरूक एवं संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं योजना से संबंधित प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु समाहरणालय, खूँटी के सभागार में जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला समाज कल्याण शाखा, खूँटी, निदेशालय एवं आईपीई ग्लोबल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं तथा संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संचालन, पोर्टल प्रविष्टि, आवेदन प्रक्रिया, लाभुक स्वीकृति, भुगतान प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि प्रखंड एवं आंगनवाड़ी स्तर पर योजना का सुचारू एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान लंबित मामलों के निष्पादन से संबंधित प्रक्रियाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि इगए जांच के 30 दिनों के भीतर लाभुकों का पंजीकरण एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, ताकि समय पर लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा योजना के विभिन्न मॉड्यूल पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, खूँटी अनिशा कुजूर, सभी एक्म्, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। अनुप केरकेट्टा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर स्मिता गुप्ता एवं प्रकाश पुरान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण के उपरांत इसी प्रकार का प्रशिक्षण प्रखंड स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा, ताकि आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं संबंधित कर्मियों को योजना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुंचाते हुए आंगनवाड़ी सेविकाओं को भी प्रशिक्षित करें, ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर एवं पारदर्शी तरीके से मिल सके।



# ‘चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो’ अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में 29 मई से 4 जून 2026 तक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान का आज शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं मासिक धर्म से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में व्याप्त झिझक एवं भ्रांतियों को दूर करना है। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खूंटी के कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल किशोरियों एवं महिलाओं ही नहीं, बल्कि पुरुषों को भी इस विषय पर जागरूक किए जाने की जरूरत है, ताकि सभी अपने दायित्व एवं भूमिका को समझ सकें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में इस विषय पर नियमित रूप से चर्चा की जाए। साथ ही पेरेंट्स डे के अवसर पर पिता के साथ-साथ माताओं को भी आमंत्रित कर इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने वीएचएसएनडी दिवस के दौरान भी महिलाओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत स्तर पर पैड बैंक बनाने की भी बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को हाथ में रेड डॉट दिखाकर

**स्वच्छता का संदेश**

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दो किशोरियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। उन्होंने बताया कि माहवारी एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। किशोरियों ने सैनिटरी पैड के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अन्य किशोरियों को प्रेरित किया कि माहवारी को लेकर घबराने अथवा शर्माने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जागरूक एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है। उपायुक्त ने किशोरियों द्वारा साझा किए गए अनुभवों की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार खुलकर संवाद करने की आवश्यकता है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान पूर्व में भी चलाया गया है, लेकिन इस बार इसे और व्यापक स्तर पर चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कई बार माहवारी से जुड़ी समस्याओं एवं असुविधाओं के कारण विद्यालयों में बच्चियों के ड्रॉप आउट की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए विद्यालयों में किशोरियों के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि माहवारी के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उप विकास आयुक्त द्वारा इस अभियान को ग्राम स्तर तक सफल बनाने का आवाहन किया गया।

# धनबाद के चौधरी स्वीट्स में भीषण आग, लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र स्थित केंद्रीय गुरुद्वारा के सामने मौजूद चौधरी स्वीट्स में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक ने करीब पांच लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है। फिलहाल आग लगने के कारणों को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं और फायर ब्रिगेड मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सुबह करीब सात बजे अचानक चौधरी स्वीट्स की दुकान से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी देर तक मशक्कत कर आग पर काबू पाया। दुकान के संचालक बबलू ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। दुकान में रखा सारा सामान जल गया। करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान में तेल गर्म करने के दौरान गैस सिलेंडर लीक होने से आग लगी है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान के बाहर अवैध रूप से बड़े-बड़े चूल्हे लगाए जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि दुकान के ऊपर बुजुर्ग दंपति रहते हैं। अगर आग ज्यादा फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रशासन को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और अवैध तरीके से लगाए गए चूल्हों की जांच की मांग की है। फिलहाल फायर ब्रिगेड और प्रशासन आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच में जुटे हुए हैं।




# जेएसएलपीएस संकुल संगठन ने पनशाला का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों में राहगीरों एवं आमजनों की सुविधा के लिए जेएसएलपीएस संकुल संगठनों द्वारा पनशाला (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। यह जनहितकारी पहल सखी मंडल की दीदियों द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके तहत बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले प्रमुख मार्गों पर लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा हैकार्यक्रम ।के दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिला समूहों की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है। इससे समाज में सहयोग, संवेदनशीलता एवं जनसेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है।जिले के चैनपुर, रामगढ़, तरहसी, मेदिनीनगर, हरिहरगंज, पिपरा सहित विभिन्न प्रखंडों के संकुल संगठनों द्वारा पनशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सखी मंडल की दीदियों ने भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायी।

# आयुक्त ने गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय ने आगामी विभागय परीक्षा को मद्दे नजर रखते हुए गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने परीक्षा संचालन को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल (डिस्पोजल के साथ), बिजली, सी.सी.टी.वी., मेडिकल किट एवं बैठने की समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा कक्षों में पर्याप्त रोशनी एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# मिसेज इंडिया एशिया प्रतियोगिता में बोकारो की स्नेहा गुप्ता बनीं द्वितीय उपविजेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** एमवी प्रोडक्शन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया एशिया 2026 प्रतियोगिता का भव्य आयोजन पिछले दिनों द क्रूज़, जमशेदपुर में किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बोकारो स्टील सिटी की प्रतिभाशाली उद्यमी, गृहिणी एवं होटल व्यवसायी स्नेहा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उप विजेता का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।

**उपायुक्त से की मुलाकात**

स्नेहा गुप्ता ने बुधवार को गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि स्नेहा गुप्ता जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूह की दीदियों एवं महिलाओं को जागरूक एवं प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। जानकारी हो कि, प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान कुल 12 चुनौतीपूर्ण चरण आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभा प्रदर्शन चरण, राष्ट्रीय परिधान चरण, साक्षात्कार चरण, सामान्य ज्ञान चरण, खेल चरण, प्रश्नोत्तर चरण, मंच संचालन चरण एवं भव्य समापन चरण सहित कई व्यक्तित्व एवं प्रदर्शन आधारित चरण शामिल थे। प्रत्येक चरण में स्नेहा गुप्ता ने आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता, सौम्यता एवं प्रभावशाली मंच प्रस्तुति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले, स्नेहा गुप्ता को मिसेज इंटेलिजेंट, मिसेज एक्टिव, मिसेज बेस्ट कॉस्ट्यूम एवं मिसेज चार्मिंग जैसी विशेष उपाधियां भी प्रदान की गई है।



# सौहार्द बिगाड़ने पर होगी कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर बुधवार को योजना भवन के सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अमरीश राहुल ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बकरीद पर्व के दौरान शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखना था। बैठक में पर्व के दौरान संभावित समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की निगरानी और प्रशासनिक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले सालों की तरह इस बार भी जिले में पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फ़ेसबुक और व्हाट्सएप पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले फोटो, वीडियो या संदेश प्रसारित करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सभी सीओ, बीडीओ, थाना अध्यक्ष एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से जानकारी दी गई कि इस साल बकरीद का पर्व 28 मई से 30 मई के बीच मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह नमाज अदा करने के बाद पारंपरिक रूप से कुर्बानी देते हैं और कई स्थानों पर मेले का आयोजन भी किया जाता है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे जिले में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

# डिफॉल्टर पाए गए 63 वाहनों के विरुद्ध शमन की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, दुर्घटना नियंत्रण, ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्रवाई, राजमार्ग गश्ती, विद्यालय वाहनों की जांच, बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली, विद्युत वाहन चार्जिंग स्टेशन, चालक प्रशिक्षण एवं एम्बुलेंस व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राजमार्ग गश्ती के लिए दो वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जिनके माध्यम से राष्ट्रीय उच्च पथों पर नियमित गश्ती एवं निगरानी की जा रही है। विद्यालय वाहन जांच अभियान की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि विभागीय निर्देश के आलोक में जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के वाहनों की सघन जांच की गई, जिसमें डिफॉल्टर पाए गए कुल 63 वाहनों के विरुद्ध शमन की कार्रवाई की गई। साथ ही विद्यालय वाहनों की नियमित जांच जारी रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में पैदल ऊपरी पुल, जेब्रा क्रॉसिंग, यातायात संकेत प्रकाश, पैदल भूमिगत मार्ग एवं वाहन भूमिगत मार्ग निर्माण हेतु संभावित स्थलों के चिन्हांकन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, यातायात उपाधीक्षक, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल एवं नगर निकायों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं यातायात प्रभावित स्थलों का सर्वेक्षण किया गया है। रमेश चौक, नवाडीह चौक, रामाबांध बस स्टैंड, अम्बा चौक, भखरुआ चौक, गोह चौक, पंचरुखिया चौक, जसोईया मोड़, कर्मा मोड़ एवं धर्मशाला मोड़ सहित कई स्थलों को चिन्हित किया गया है। बैठक में नगर क्षेत्रों में विद्युत वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने हेतु संभावित स्थानों के चिन्हांकन की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों एवं नगर निकायों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हत्या के 12 घंटे के भीतर आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्याकांड में शामिल एक अभियुक्त को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी मो. सुफियान के रूप में की गई है। बता दें कि 26 मई को न्यू एरिया (राजा बिगहा) में दो व्यक्तियों के बीच आपसी विवाद में चाकूबाज़ी की घटना घटित हुई थी जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा गया जहां इलाज़ के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर गांव निवासी मो. फैज रूप में की गई थी। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि आपसी विवाद में चाकूबाज़ी के दौरान एक युवक की हत्या मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# कई थानों को मिले नये थानाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में विधि-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस निरीक्षक भवेश कुमार मंडल को यातायात थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार को गोह का नया थानाध्यक्ष, रफीगंज थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन सिंह को देवकुंड थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा नबीनगर थाना में कार्यरत पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार को पौथु का थानाध्यक्ष जबकि सिमरा के थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार को अब ढिबरा थाना की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मुफ्फसिल थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार को सिमरा का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जिले में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से यह तबादला किया गया है।

# विशेष अभियान के तहत 34 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूट के शीर्ष में 1, हत्या के प्रयास में 3, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1071 वाहनों की जांच की गई। 10 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बटाने पुल पर दरारें पड़ने से मार्ग परिवर्तित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के एनएच-139 पर अवस्थित बटाने पुल, जिसकी कुल लंबाई 225 मीटर है। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल कार्यपालक अभियंता द्वारा तकनीकी जांच एवं पथ निरीक्षण के क्रम में पुल की स्थिति यथोचित नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान पुल के विभिन्न गर्डरों में गंभीर दरारें पाई गई हैं तथा भार वहन संरचना के आधार भाग के समीप भी क्षति चिह्नित की गई हैं। ऐसी स्थिति में पुल पर भारी वाहनों का परिचालन जारी रहना जनसुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत जोखिमपूर्ण पाया गया है। ऐसी परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से बटाने पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। उक्त पथ पर केवल हल्के वाहनों के परिचालन की अनुमति प्रदान की गई है। भारी वाहनों के सुचारु एवं सुरक्षित परिचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा डायवर्सन निर्माण कार्य प्रगति पर है। डायवर्सन मार्ग निर्माण पूर्ण होने तक वाहनों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिचालन के लिए विस्तृत वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू की गयी है।

# बकरीद को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व के दृष्टिगत विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा समाहरणालय से नावाडीह होते हुए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पार्क, बराटपुर, टिकरी रोड एवं रमेश चौक तक फ्लैग मार्च कर आमजन से शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस को सूचित करें ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के चरकावां पंचायत अंतर्गत बदोपुर गांव निवासी कमलेश सिंह के 42 वर्षीय पुत्र अमरनाथ कुमार की बुधवार को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है। बताया जाता है कि अमरनाथ गांव के समीप चकलदह गांव के पास चाय-नास्ते की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। प्रतिदिन की तरह बुधवार सुबह भी वह दुकान खोलने पहुंचे। दुकान पर पहुंचकर उन्होंने कोयले का चूल्हा जलाया। इसी दौरान अचानक वह दुकान पर ही गिर पड़े। आसपास मौजूद ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

गृह मंत्रालय भारत सरकार

जनगणना 2027 का पहला चरण
जनगणना कार्य निदेशालय बिहार
मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना
2 मई से 31 मई
एक कॉल, पूरी जानकारी
टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें : 1855
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027
CBC 19108/13/0121/2627